# ST. PAUL TEACHERS' TRAINING COLLEGE BIRSINGHPUR

Under Aegis of Parmeshwar Neeta Educational Trust

Recognized by NCTE, Bhubaneswar

Affiliated from L.N. Mithila University, Darbhanga (B.Ed.) & Bihar School Examination Board Patna (D.El.Ed.)

# Event-wise Newspaper clippings

## Orientation Program of B.Ed 2024-26 on 12 September 2024



### 11वां सत्रारंभ का आयोजन हुआ

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंपुर, समस्तीपुर में 11वां सत्रारंभ का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें नवआगंतुओं का अभिनन्दन भांगरा व पुष्प देकर सहायक प्रो. मीना कुमारी तथा डॉ. श्वेता कुमारी ने किया। पीपीएन सिंह सभागार में प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, डॉ. एपी सिंह, डीएलएड विभागाध्यक्ष नन्देश कुमार ठाकुर आदि ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच संचालन सहायक प्रो. आदित्य प्रकाश व बीएड प्रशिक्षु श्रुति सुमन ने किया। प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने नव प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के अनुशासन तथा विभिन्न संकाय के समन्वयक व प्रोफेसरगण का परिचय कराया।

गुरुवार को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सत्रारंभ करते अतिथि।

### विज्ञान ड्रामा में एमएल एकेडमी प्रथम रहा

दरभंगा। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के उत्प्रेरण से जिला के माध्यमिक शिक्षा कोषांग के तत्वावधान में एमकेपी विद्यापति उच्च विद्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन हुआ। मुख्य विषय मानव कल्याण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग पर आधारित इस प्रतियोगिता में एमएल एकेडमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर को एमएल एकेडमी में किया जाएगा।

**11th Orientation Program for students of St Paul Teachers' Training College was organized , the program started with lamp lighting by Principal and HOD of the college**

## Orientation program of D.El.Ed 2024-26 on 28&29 Nov.2024



सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में नया सत्र प्रारंभ

डीएलएड

**Orientation Program was conducted for students of D.El.Ed , the chief guest of this Orientation program was Secretary of the College Sri Avinash Kumar. On this occasion hounorable Secretary sir presented cheque and certificate to meritorious students. Late P.P.N.Singh scholarship Cheque was also given to eligible students.**

# Constitution day on 26th Nov. 2024



ंविधान में निहित
का लिया संकल्प

उदघाटन करते प्रभारी प्राचार्य व अन्य.

**संतपाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस**

**कल्याणपुर.** भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में राष्ट्रीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया. जिसमें बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थिति रहे. कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार, मुख्य अतिथि रंजीत निर्गुणी तथा डीएलएड के संकायाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया. स्वागत भाषण महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार ने दिया. इस अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि रंजीत निर्गुणी ने प्रशिक्षुओं को भारत का संविधान के उद्देशिका का स्वर उच्चरण करवाते हुए संविधान दिवस पर मौलिक अधिकारों, निर्देशक सिद्धांतों, जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संबंध में ज्ञान को साझा किया. कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया. धन्यवाद ज्ञापन डीएलएड के संकायाध्यक्ष श्री ठाकुर ने किया.

College organized Constitution day , on this occasion Institute invited constitutional expert, politician and scholar Shri. Ranjeet Nirguni, he delivered lecture on this occasion.



## सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आपदा से बचाव की ट्रेनिंग

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इस प्रशिक्षण में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी, समस्तीपुर सुरेंद्र कुमार सिंह एवं अग्निशमन अरविंद कुमार सिंह एवं उनके टीम उपस्थित थे। बैठक में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों का आपदा निवारण आपदा कि पूर्व तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन से संबंधित अग्निशमन सुरक्षा प्रबंधन चक्र के बारे में प्रयोग के आधार पर जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में हम सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारी हो यह सुनिश्चित किया



## सेंटपॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मौजूद प्रतिभागी

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह एवं अग्निक अरविंद कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया. साथ ही आपदा निवारण व आपदा की पूर्व तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन से संबंधित अग्निशमन सुरक्षा प्रबंधन चक्र के बारे में प्रयोग के आधार पर जानकारी दी गयी. आपदा प्रबंधन में सबकी भूमिका महत्वपूर्ण बताया. सभी को मिलकर इस दिशा में काम करने की आवश्यकता जतायी. आपदा के समय प्रशासन की टीम के साथ स्थानीय स्तर पर प्रभावित लोगों को तुरंत मदद करने के लिए भागीदार बनने को प्रेरित किया. प्रशिक्षण में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर आदि शामिल थे.

**Every year Institute organizes training on disaster management , district fire officer conducted training for students , he talked about the preparedness encase of any eventuality. Live demonstartion was given to students on fire safety.**

## Group discussion on Violence against Gender on 19.12.2024



### लैंगिक हिंसा के प्रति जागरूकता व सामूहिक चर्चा

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

स्थानीय चौक स्थित डीपीजीसी बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को लैंगिक हिंसा के खिलाफ जागरूकता आयोजित की गयी. आयोजन सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर की ओर से किया गया. कॉलेज के वीमेन डेवलपमेंट सेल की डॉ प्रतिभा राय, सह समन्वयक मीना कुमारी और असि. प्रो डॉ अमित पाण्डेय ने विस्तारित रूप प्रदान किया.

शुरुआत महाविद्यालय के ही संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार के सरस्वती वंदना से हुई. डॉ प्रतिभा राय ने लैंगिक भेदभाव को समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया. इसे रोकने के लिए आगे आने की अपील की. प्रियांशु पुष्पा, ज्योति और सुषमा ने महिलाओं के अधिकारों को रेखांकित किया. धन्यवाद ज्ञापन वीमेन सेल की सह समन्वयक मीना कुमारी ने किया.

जागरूकता कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी.

**Our faculty and students organized a rally and lecture with DPGC Govt school students on Sexual violence. Our faculty gave lecture on sexual violence and created awareness among students and community.**

## Science Exhibition on National Science Day on 28.02.2023

# टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि • जागरण

समस्तीपुर : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा विज्ञान व गणित के मॉडलों की 70 मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डॉ एपी सिंह एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट नोडल ऑफिसर नैक के प्रो. डॉ एनके अग्रवाल थे। संचालन सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया। प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए मॉडल का पर्यवेक्षण कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रशिक्षु को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कालेज के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार, तहसीन आलम कादरी, नंदेश कुमार ठाकुर, अर्पणा कुमारी नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार उपस्थित रहे।

**Like every year Institute organized lecture , a science and math exhibition on the occasion of "National Science Day " , the chief guest on this occasion was Dr. N.K.Agarwal , State Nodal Officer for NAAC , 70 models were exhibited , best models were choosen and rewarded by the guest.**

**Dinkar Jayanti on 23.09.2024**

हिन्दुस्तान

# राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाएं करती हैं प्रेरित

- जिले में विभिन्न कॉलेज व स्कूलों में मनायी गयी राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती
- कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प



सोमवार को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर में आयोजित समारोह को संबोधित करते अतिथि।

समस्तीपुर, हिटी। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह की दिन कर जयंती पर जिले में जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उनके व्यक्तित्व व राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डालने के साथ लोगों ने भावभींनी श्रद्धांजलि दी। बीरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 116वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। सह-शैक्षिक गतिविधि के समन्वयक सहायक प्रो. आदित्य प्रकाश, प्राचार्या डॉ.रोली द्विवेदी, डीएलएड संकायाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर, वरिष्ठ सहायक प्रो. मनोज कुमार, सहायक प्रो. अमित कुमार पांडे आदि ने राष्ट्रकवि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्राचार्या ने उनकी कविता सुनायी। इधर, बीमेंस कॉलेज, समस्तीपुर में हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि दिनकर की रचनाओं में एक ओर आक्रोश विद्रोह एवं क्रांति की पुकार है, वहीं उनकी रचनाओं में कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति भी है। उनकी रचनाएं हमें आज भी प्रेरित करती हैं।

मुख्य अतिथि प्रो. हरेकृष्ण सिंह ने दिनकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी रचना देश प्रेम से ओतप्रोत थी। वे सच्चे अर्थों में दीन हीन, शोषित और वंचितों के कवि थे। डा. विजय कुमार गुप्ता, डॉ सुरेश साह, प्रो. अरूण कुमार कर्ण, डा. पूनम कुमारी ने दिनकर से प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन छात्रा शुभांगी ने किया। छात्रा जूली कुमारी, दिलखुश कुमारी, मधु कुमारी ने दिनकर की काव्य रचना का पाठ उत्साह और जोश के साथ किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डा. कुमारी अनु किया। सरायरंजन कालेज के सभागार में हिंदी विभाग के तत्वावधान में दिनकर जयंती समारोह में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कालजयी रचनाओं से भारतीय समाज के लिए कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं और सदा प्रासंगिक बने रहेंगे। इससे पहले प्राचार्य डॉ. विपिन कुमार झा, विभागाध्यक्ष प्रो. जनार्दन चौधरी,प्रो नीलमणि झा,प्रो. अभय कुमार झा,प्रो. शेखर प्रसाद चौधरी, प्रो. हरेकृष्ण चौधरी आदि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। पूसा के आदर्श ग्राम, कुबौलीराम शिवालय परिसर में सोमवार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनाई गई। समारोह की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान टीवी व रेडियो से जुड़े कलाकार श्याम मोहन मिश्र ने कविताओं व गीतों से मौजूद लोगों को घंटो बांधे रखा। मौके पर युवा तबला वादक प्रभात कुमार तुलसी ने तबला पर संगत कर गीतों को यादगार बनाया। इस दौरान श्याम किशोर सिंह ने''कलम या कि तलवार'' कविता पाठ कर कलम की कीमत को बताने के साथ इंसान को सही रास्ता चुनने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कमल मोहन मिश्र, कर्मवीर सिंह, रजनीश कुमार आदि मौजूद थे।

## Dinkar Jayanti on 23.09.2024

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनी दिनकर जी की जयंती



राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती कार्यक्रम में शामिल लोग।

सिटी रिपोर्टर | समस्तीपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर, समस्तीपुर में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की 116वीं जयंती मनाया गया। सह-शैक्षिक गतिविधि के समन्वयक सहायक प्रो. आदित्य प्रकाश तथा समस्त सदस्यगण के साथ महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.रोली द्विवेदी, डीएलएड संकायाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर, वरिष्ठ सहायक प्रो. मनोज कुमार, सहायक प्रो.अमित कुमार पांडे, समस्त सहायक प्रो. और बीएड/डीएलएड के समस्त प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके जयंती को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.रोली द्विवेदी ने कहा-कलमें लगाना जानते हो तो जरूर लगाए। डीएलएड संकायाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर ने कहा-क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो। उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत,सरल। सहनशीलता, क्षमा, दया को तभी पूजता जग है। बल का दर्प चमकता उसके पीछे जब जगमग है।

**College organized " Rastriya Kavi " Dinakar birth anniversary. On this occasion Principal Dr. Roli Dwivedi and senior faculty gave lecture and remembered the works of poet Ramdhari Singh Dinkkar.**

## 27/10/2024 छठ महोत्सव



# छठ पूजा को लेकर लोक गीत का किया गायन और मंचन

छठ महापर्व का मंचन करतीं छात्राएं.

**प्रतिनिधि, कल्याणपुर**

लोक आस्था के महापर्व छठ पर संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बीरसिंहपुर में लोक गायन व छठ महापर्व का मंचन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन पीपीएन सिंह सभागार में किया गया. इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. विदित हो कि छठ पूजा बिहार का महापर्व है. पूजा के दौरान लोग सूर्य देव की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं. अनुष्ठानों में खरना, संध्या अर्घ और प्रातः अर्घ पूजा अलग-अलग दिनों में की जाती है. इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि इस पर्व का संदेश यही है कि जल ही जीवन है और जल में प्रशिक्षुओं को भी शिक्षा दी जाती है कि अपने आसपास साफ-सफाई रखें, क्योंकि साफ-सफाई बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है. महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि छठ बिहार में लोक आस्था का महापर्व है और बिहार की सांस्कृतिक पहचान छठ से जुड़ी हुई है. छठ पर्व का समय जैसे नजदीक आने लगता है, चारों तरफ का माहौल भक्तिमय हो जाता है. यह एक ऐसा पर्व है कि जिसको लेकर घर परिवार में बच्चों के बीच भी इसका एक अलग उल्लास देखने को मिलता है. महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कुशल दिशा निर्देशन में इस त्योहार के सार को पकड़ने और सभी के लिए एक घर जैसा, जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव बनाने में सक्षम बनाने में

## Alumni Meet on 15th Nov. 2024



गया है।

जांच शिविर का आयोजन होगा।

# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में पुरातन छात्र सम्मेलन

समारोह में उपस्थित शिक्षक एवं पूर्ववती छात्र छात्राएं • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में शुक्रवार को पुरातन छात्र सम्मेलन समारोह आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विभिन्न स्थानों से आए सभी पुरातन शिक्षार्थी ने आपस में मिलकर तात्कालीन समय को याद कर खुशी प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि अथक संघर्ष के बाद महाविद्यालय पौधे से विशाल वृक्ष के रूप में पोषित हो सका है। इसमें पुरातन छात्रों का भी विशेष योगदान है। महाविद्यालय की पुरातन समिति ने सभी पुरातन छात्रों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर इंद्रजीत कुमार, अमरजीत कुमार सहित कई उपस्थित रहे। समारोह का संचालन अंकिता कुमारी एवं विकास कुमार ने किया।

**Alumuni Committee organized "Alumuni Meet". Honourable Secretary Sri Avinash Kumar and Principal of the college Dr. Roli Dwivedi were invited in the meet. Role of Alumni in development of Institute was discussed. Guests also mentioned how Alumni plays important role in quality control of Institute by providing regular feedbacks.**

## कैंपस अलर्ट

# सेंटपाल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में हुई कार्यशाला



कार्यशाला में मौजूद प्राचार्य व अन्य.

**कल्याणपुर.** बिरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एक दिवसीय सृजन शिल्प कार्यशाला का आयोजन बुधवार को हुआ. क्रियान्वयन सांस्कृतिक कमेटी द्वारा किया गया. इसमें समस्त प्राध्यापक के साथ बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. इस कार्यशाला में कला कुन्ज सिवान से हरिश्चन्द्र कुमार ने शिल्प कला के बारे में क्ले मिट्टी से निर्मित विभिन्न कृति को सिखाने का पूरा प्रयास किया. प्रशिक्षुओं ने बड़े मनोयोग से सीखने का प्रयत्न किया. अपने जीवन में संकल्प लिया. प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने अधिगम की दृष्टिकोण से प्रशिक्षुओं से कहा शिक्षा में शिल्पकलाओं की उपयोगिता, शिक्षा के साथ सृजनात्मकता का होना आवश्यक है. मौके पर प्रशिक्षुओं को बताया कि इस तरह के कार्यशाला से सर्वांगीण विकास होता है. अतः इस कार्यशाला से हमारे प्रशिक्षुओं निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे.

## पीसी हाइस्कूल में बाल उत्सव में होंगी कई प्रतियोगिताएं

**A one day workshop on Art & Craft was organized in Institute. This workshop was conducted by Art & craft expert from Siwan Sri Hari Chandra Kumar. He taught students about making clay sculpture. Principal of the college Dr. Roli Dwivedi also gave lecture on this occasion.**

**Indian language cerebration on Subramania Bharati Jayant on 12.12.2024**



**संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन**

कल्याणपुर|संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर में सप्ताहिक भारतीय भाषा उत्सव का कार्यक्रम का आज महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के जयंती के साथ समापन किया गया। सह-शैक्षिक गतिविधि के समन्वयक सहायक प्रो. आदित्य प्रकाश तथा समस्त सदस्यगण के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रोली द्विवेदी एवं समस्त सहायक प्राध्यापकगण/प्राध्य ापिकागण तथा बी.एड / डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती की छायाचित्र पर पुष्प आर्पित करके जयंती को हर्षोउल्लास से मनाया। साथ ही साप्ताहिक भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन किया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ.रोली द्विवेदी ने कहा- विलुप्त भाषा को बचाने की जरूरत है क्योंकि भाषा हमे समृद्ध करती है। हमें अपनी भाषा पर गर्व है। सहायक प्राध्यापक अमित कुमार पांडे ने प्रशिक्षुओं को भाषा जगत से अवगत कराया।

**Institute organized “Bhartiya Bhasha Utsav” week , it ended on the occasion of birth anniverasy of “Maha kavi” Subramaniam Bharti. A lecture was also organized and speakers spoke on how proud we feel on our languages and its importance to save our rich language. Students and faculty actively participated in Bhartiya Bhasha Utsav.**

**21/12/2024 दैनिक जागरण**

## डीपीजीसी में लैंगिक हिंसा पर सामूहिक चर्चा




कार्यक्रम के बाद लोगों को जागरूक करतीं छात्राएं व शिक्षक • जागरण

वि, समस्तीपुर : कल्याणपुर स्थित डीपीजीसी बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को लैंगिक हिंसा के खिलाफ सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 3.0 के तहत संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बीरसिंहपुर की ओर से आयोजित हुआ। शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। वीमेन डेपलेपमेंट सेल की डा. प्रतिभा राय ने लैंगिक भेदभाव को समाज का शत्रु बताया और इसे रोकने की अपील की। डा. अमित पांडेय ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य नलिन पांडेय ने स्वागत भाषण दिया। प्रशिक्षु छात्राओं पुष्पा, ज्योति व सुषमा ने महिलाओं के अधिकारों व समानता पर जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन सह समन्वयक मीना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

हिंदुस्तान

## लैंगिग हिंसा पर सामूहिक चर्चा

समस्तीपुर। कल्याणपुर स्थित डीपीजीसी बालिका उच्च विद्यालय में, शुक्रवार को लैंगिक हिंसा के खिलाफ सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 3.0 के तहत लैंगिक मुद्दों पर इस कार्यक्रम का आयोजन सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बीरसिंहपुर ने किया। कॉलेज के वीमेन डेपलेपमेंट सेल की डॉ प्रतिभा राय, सह समन्वयक मीना कुमारी और असिस्टेंट प्रो डॉ अमित पाण्डेय ने इसका संयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत प्राध्यापक रोहित ने सरस्वती वंदना से की। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ प्रतिभा रॉय ने लैंगिक भेदभाव को समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया और सभी से इसे रोकने के लिए आगे आने की अपील की। असिस्टेंट प्रो डॉ अमित पाण्डेय ने महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। स्वागत भाषण उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य नलिन पाण्डेय ने दिया। पुष्पा, ज्योति और सुषमा ने भी संबोधित किया।

प्रभात खबर

# लैंगिक हिंसा के प्रति जागरूकता व सामूहिक चर्चा

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

स्थानीय चौक स्थित डीपीजीसी बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को लैंगिक हिंसा के खिलाफ जागरूकता आयोजित की गयी. आयोजन सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बीरसिंहपुर की ओर से किया गया. कॉलेज के वीमेन डेपलेपमेंट सेल की डॉ प्रतिभा राय, सह समन्वयक मीना कुमारी और असि. प्रो डॉ अमित पाण्डेय ने विस्तारित रूप प्रदान किया.



जागरुकता कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी .

शुरुआत महाविद्यालय के ही संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार के सरस्वती वंदना से हुई. डॉ प्रतिभा रॉय ने लैंगिक भेदभाव को समाज़ का सबसे बड़ा शत्रु बताया. इसे रोकने के लिए आगें आने की अपील की. प्रशिक्षु पुष्पा, ज्योति और सुषमा ने महिलाओं के अधिकारों को रेखांकित किया. धन्यवाद ज्ञापन वीमेन सेल की सह समन्वयक मीना कुमारी ने किया.

09/01/2025 दैनिक भास्कर

# सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला

## रैली को कॉलेज परिसर से प्रोफेसर कादरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। इसी स्लोगन के साथ सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर द्वारा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता गीत आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। ट्रेनिंग कॉलेज के कल्चरल कमेटी द्वारा इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली को कॉलेज परिसर से वरिष्ठ प्राध्यापक कादरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बिरसिंहपुर चौक होकर कल्याणपुर चौराहे तक आयोजित की गई। कार्यक्रम स्थल पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने कहा कि हेलमेट वास्तविक रूप में व्यक्ति के जीवन का ताज है। इसकी बेल्ट अच्छी तरह कसी होनी चाहिए। गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आह्वान पर कालेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक नरेन्द्र कुमार ने कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। सीट बेल्ट का हमेशा प्रयोग करना चाहिए।हेलमेट आईएसआई मार्क होना चाहिए। हेलमेट की बेल्ट ज्यादा ढीली नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ अमित पाण्डेय ने कहा कि सड़क पर गाड़ी निकालते समय आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन पेपर, बीमा का पेपर और पॉल्युशन सर्टिफिकेट होना चाहिए।


सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम ।

हिंदुस्तान

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



समस्तीपुर। सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बिरसिंहपुर ने बुधवार को कल्याणपुर चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता गीत एवं कई अन्य कार्यक्रम किये गये। जागरुकता रैली भी निकाली गयी। जिसे कॉलेज परिसर से वरिष्ठ प्राध्यापक कादरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर केशव, धर्मवीर, सोनम, आलोक, अनीशा अनामिका, राजा और साहिल आदि थे।

प्रभात खबर

# सेंटपाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कर्मियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर दर्जनों लोगों को किया जागरूक

प्रतिनिधि, कल्याणपुर



लोगों को जागरूक करते प्रशिक्षु व अन्य.

सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है. इसी स्लोगन के साथ सेंटपाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की ओर से कल्याणपुर चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता गीत गाकर लोगों को जागरूक किया गया. ट्रेनिंग कॉलेज के कल्चरल कमेटी द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. रैली को कॉलेज परिसर से वरिष्ठ प्राध्यापक कादरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली बिरसिंहपुर चौक होकर कल्याणपुर चौराहा तक गई. कार्यक्रम स्थल पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ शैली द्विवेदी ने कहा कि हेलमेट वास्तविक रूप में व्यक्ति के जीवन का ताज है. इसकी बेल्ट अच्छी तरह कसी होनी चाहिए. गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आह्वान पर कालेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है. वरिष्ठ प्राध्यापक नरेन्द्र ने कहा कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए. हेलमेट आईएसआई मार्क होना चाहिए, हेलमेट की बेल्ट ज्यादा ढीली नहीं होनी चाहिए. वरिष्ठ प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने कार्यक्रम का संचालन किया. डॉ अमित पाण्डेय ने कहा कि सड़क पर गाड़ी निकालते समय आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस, रेजिस्ट्रेशन पेपर, बीमा का पेपर और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट होना चाहिए. इस अवसर पर सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी. इसमें किसी ने राहगीरों को फुटपाथ और जेब्रा लाइन पर चलने का संदेश दिया तो अन्य ने ट्रैफिक लाइट और यातायात चिन्हों का पालन करने का संदेश दिया. कार्यक्रम में प्रशिक्षु केशव, अमित, धर्मवीर, सोनम, प्रिया, आलोक, अनीशा, अनामिका, राजा, साहिल आदि ने अपनी प्रतिभा दिखायी. प्राध्यापक डॉ प्रतिभा रॉय, श्याम किशोर, रोहित, एसपी चौधरी, मिथिलेश उपस्थित रहे.

दैनिक जागरण

# पोस्टर से ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश




सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के तहत कल्याणपुर चौक पर पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता गीत प्रस्तुत किये गए। रैली को प्राध्यापक कादरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने हेलमेट और यातायात नियमों के महत्व पर जोर दिया। डा. अमृत पाण्डेय ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और अन्य दस्तावेज साथ रखना जरूरी है। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से राहगीरों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया। मौके पर पर बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु, प्राध्यापक केशव कुमार, धर्मवीर, सोनम, प्रिया, आलोक, अनीशा, अनामिका, राजा, साहिल के साथ प्राध्यापिका डॉ प्रतिभा रॉय, श्याम कशोर जी, रोहित कुमार, एस पी चौधरी, मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 12/012025

# टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



कल्याणपुर में रक्तदान करते लोग।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 79 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रोली द्विवेदी, डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर, वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार एवं कार्यक्रम के आयोजक सह- शैक्षिक समिति के समन्वयक महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर रोली द्विवेदी ने कहा कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं।

हिंदुस्तान



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में रक्तदान करते लोग।

## कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

**समस्तीपुर।** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित शिविर में 79 लोगों ने रक्तदान किया। उद्घाटन प्राचार्या डॉ. रौली द्विवेदी, डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर, वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार एवं कार्यक्रम के आयोजक सह शैक्षिक समिति के समन्वयक सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद चौधरी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अमित कुमार पांडेय, चंदन कुमार, सौरव, सूरज मौजूद थे।

दैनिक जागरण 24/01/2025



## संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में कार्यक्रम

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व छात्र • जागरण

**वि, समस्तीपुर :** सत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनी। भाषण, गायन और पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार ने स्वागत किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश ठाकुर और नरेंद्र कुमार ने सुभाष बाबू के योगदान को शाश्वत बताया। मौके पर बीएड और डीएलएड विभाग के मो. निजामुद्दीन, श्यामकिशोर सिंह, डा. प्रतिभा राय, डा अमित पाण्डेय, उदय कुमार, नीरज कुमार, आदित्य प्रकाश, चन्दन कुमार और नीतीश कुमार सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार ने संगीत प्रस्तुत किया।

हिंदुस्तान



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जयंती मनाते छात्र-छात्राएं।

## प्राक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बीएड और डीएलएड प्रशक्षुओं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर आधारित प्रतियोगिता के अलावा भाषण, गायन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वागत वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार ने किया। डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश ठाकुर, मो. निजामुद्दीन, श्याम कशोर सिंह, डॉ प्रतिभा राय, उदय कुमार, नीरज, आदित्य प्रकाश, चन्दन कुमार और नीतीश सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई



**कल्याणपुर**| संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के कमेटी द्वारा सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर आधारित व वध प्रतियो गताओं का आयोजन कया गया। इसमें भाषण, गायन और पोस्टर प्रतियो गताएं प्रमुख रही। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार द्वारा स्वागत संबोधन कर कया गया। उन्होंने अपने शुरुआती संबोधन में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीएलएड के विभागाध्यक्ष नंदेश ठाकुर , मो निजामुद्दीन, श्याम कशोर संह, डॉ प्रतिभा रॉय, उदय कुमार, आदित्य प्रकाश आदि थे।

28/01/2025 हिंदुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गणतंत्र दिवस मना



समस्तीपुर। संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में गणतंत्र दिवस पर प्रबंधकीय समिति के अध्यक्ष उमाचरण सिंह एवं प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने झंडोतोलन किया। मौके पर उमाचरण बाबू, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार एवं डॉ अमित कुमार पांडेय ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक चंदन कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में संगीत प्राध्यापक रोहित, बीएड एवं डीएलएड के प्राध्यापकगण के साथ सभी महाविद्यालयकर्मी उपस्थित थे।

29/012025 हिंदुस्तान

# लैंगिक न्याय व सुरक्षित कार्यस्थल पर संगोष्ठी



समस्तीपुर। संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में शिकायत एवं-निवारण समिति के तत्वावधान में लैंगिक संवेदनशीलता पर मंगलवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता समस्तीपुर कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की विशेषज्ञ डॉ .रीता चौहान ने वर्तमान समाज में लैंगिक भूमिका की महत्ता और शैक्षणिक संस्थानों की इस दिशा में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने लैंगिक असमानता देखी है और हमें समझना होगा कि लैंगिकता ईश्वर का वरदान है, जिसका हमें सम्मान करना चाहिए। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक नीतीश एवं प्रशिक्षु साधना ने किया। सहायक आचार्य डॉ अमित पाण्डेय ने लैंगिक मुद्दों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्या डॉ .रोली द्विवेदी ने वैज्ञानिक क्षेत्र में महिलाओं से जुड़े लैंगिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। बीएड के अमित, नेहा, ज्योति व गुलशन ने भी अपने विचार रखें। आशीष रंजन ने भी अपने विचार रखे।

दैनिक भास्कर

# लैंगिक न्याय और कार्यस्थल सुरक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन



संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक व अन्य।

भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में बदलाव की आवश्यकता पर चर्चा की गई। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में शिकायत एवं निवारण समिति के तत्वावधान में लैंगिक संवेदनशीलता पर एक संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसका उद्देश्य लैंगिक जागरूकता की अवधारणा को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों, विशेष रूप से स्टूडेंट्स के बीच लैंगिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनसे जुड़े विशिष्ट प्रश्नों का समाधान करना था। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के मनोविज्ञान विभाग की विशेषज्ञ डॉ रीता चौहान सम्मिलित हुई, जिन्होंने आज के समाज में लैंगिक भूमिका की महत्ता और शैक्षणिक संस्थानों की इस दिशा में भूमिका पर प्रकाश डाला। सिम्पोजियम के शीर्षक पर प्रकाश डालते हुए कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ अमित पाण्डेय ने लैंगिक मुद्दों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

दैनिक जागरण 21/02/2025

समाचार सार

# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में योग कक्षाएं प्रारंभ



शिविर मे योग करतीं प्रशिक्षु छात्राएं • जागरण

वि. समस्तीपुर : जिले के बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार से योग अभ्यास की विशेष कक्षाएं शुरू हुई। यह कक्षा पतंजलि योग केंद्र हरिद्वार के योगाचार्य स्वामी प्रानदेव के नेतृत्व में शुरू की गयी है। इन कक्षाओं में दो घंटे का योग अभ्यास करवाया जा रहा है। ये कक्षाएं 20 फरवरी 27 फरवरी तक चलेंगी। गुरुवार को कालेज के सभी प्रशिक्षुओं को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी योग प्रशिक्षक के द्वारा दी गई। योग सप्ताह की जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने बताया कि इन कक्षाओं का उद्देश्य योग के जरिए अपने को स्वस्थ रखना एवं प्राचीन भारतीय योग संस्कृति को जीवंत रखना है। योग भारत द्वारा विश्व को दी गयी अनमोल धरोहर है। कालेज के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक पार्थो घोष ने बताया कि भारत के प्रयासों से ही सम्पूर्ण विश्व में खुशहाली की कामना के लिए योग को अब अपनाया जाना शुरु कर दिया गया है। कॉलेज के योग की विशेष कक्षाओं में प्राध्यापकों के संग बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर डीएलएड विभागाध्यक्ष नन्देश ठाकुर, प्रो. मनोज कुमार, डा. अमत पाण्डेय, डा. प्रतिभा राय, मो निजामुद्दीन, श्याम किशोर सिंह, तहसीन कादरी, चंदन कुमार, रोहित कुमार, नंद किशोर कुमार, नीलकमल नीरज, उदय कुमार सहित सभी प्राध्यापकों ने योग शिविर में हिस्सा लिया।

दैनिक भास्कर



# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में योग शिविर



साप्ताहिक योग शिविर मौजूद लोग।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में योग अभ्यास की विशेष कक्षाएं शुरू हुई। ये योग कक्षाएं पतंजलि योग केन्द्र हरिद्वार के योगाचार्य स्वामी प्रानदेव के सानिध्य में शुरू की गयी। इसमें दो घंटे का योग अभ्यास करवाया जाएगा। यह विशेष शिविर 20 फरवरी से आरंभ होकर 27 फ़रवरी तक चलेगी। इसमें कॉलेज के समस्त प्रशिक्षुओं को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी योग प्रशिक्षक स्वामी प्रानदेव ने दी। योग सप्ताह की जानकारी देते हुए कॉलेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने बताया कि इन कक्षाओं का उद्देश्य योग के जरिए अपने को स्वस्थ रखना एवं प्राचीन भारतीय योग संस्कृति को जीवंत रखना है। योग भारत द्वारा विश्व को दी गयी अनमोल धरोहर है। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक पार्थो घोष ने बताया कि भारत के प्रयासों से ही सम्पूर्ण विश्व में खुशहाली की कामना के लिए योग को अब अपनाया जाना शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर डीएलएड विभागाध्यक्ष नन्देश ठाकुर, प्रोफेसर मनोज कुमार, डा. अमित पाण्डेय, डॉ प्रतिभा रॉय, मो निजामुद्दीन, श्यामकिशोर सिंह जी, तहसीन कादरी, चन्दन कुमार, रोहित कुमार, नंदकिशोर जी, नीलकमल नीरज, उदय आदि योग शिविर में हिस्सा लिया।

हिंदुस्तान

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग में योग शिविर का शुभारंभ



कल्याणपुर। बिरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार को योग अभ्यास की विशेष कक्षाएं शुरू हुई। ये योग कक्षाएं पतंजलि योग केन्द्र, हरिद्वार के योगाचार्य स्वामी प्रानदेव के सानिध्य में शुरू की गयी। इस विशेष शिविर में 27 फरवरी तक प्रतिदिन दो घंटे का योग क्लास होगा। जिसमें कॉलेज के समस्त प्रशिक्षुओं को योग के विभिन्न आयामों की जानकारी योग प्रशिक्षक स्वामी प्रानदेव देंगे। योग सप्ताह की जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने बताया कि इसका उद्देश्य योग के जरिए अपने को स्वस्थ रखना एवं प्राचीन भारतीय योग संस्कृति को जीवंत रखना है। प्राध्यापक पार्थो घोष ने बताया कि भारत के प्रयासों से ही सम्पूर्ण विश्व में योग को अब अपनाया शुरू कर दिया गया है।

26/02/2025 प्रभात खबर

## टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत कला महोत्सव आयोजित

**कल्याणपुर** . बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत उत्सव मंगलवार को मनाया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के गीत व नृत्य के सप्तरंगी रंगों से संपूर्ण परिसर गुलजार रहा. बसंतोत्सव के इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे. प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने दिनकर की कृति का गायन सुना. वहीं कवि विद्यापति की प्रसिद्ध उक्ति के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की. उन्होंने कहा कि जब शक्ति का विस्तार होता है तो ज्ञान की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है. कल्चरल कमेटी के प्रभारी प्रो नरेंद्र कुमार ने कहा कि वसंत ऋतु से ऋतु में यौवन की शुरुआत होती है. इसीलिए ऋतुओं का राजा कहा गया है. इस समय पीले पीले सरसों, पपीहे की गूंज और कोयल की कूक से दिशाएं गूंजायमान होने लगती है. लोक कला हमें अपनी सभ्यता- संस्कृति से परिचित कराती है. डीएलएड विभागाध्यक्ष ने कहा कि उस विरासत को फिर से जीवित करें. संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने क्षेत्रीय और विभिन्न संस्कृतियों के गीत और नृत्य प्रस्तुत किये. छात्राओं की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया. संचालन श्रुति सुमन ने किया. तकनीकी सहायता नंदकिशोर कुमार ने किया. कनक प्रिया, रजनिशा, खुशी, सुषमा, शबनम, अंजली, अनिशा, ऋचा, मंजीत और अभिनव ने सहभागिता दिखाई.

दैनिक भास्कर

# ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत कला महोत्सव संपन्न



बसन्त कला महोत्सव प्रस्तुती करते कलाकार।

भास्कर न्यूज़|कल्याणपुर

बिरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत उत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के गीत व नृत्य के सप्तरंगी रंगों से सम्पूर्ण परिसर गुलजार रहा। इस समारोह की शुरुआत प्राचार्य के साथ कल्चरल कमेटी के सदस्यों ने किया। प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने आएल रितुपति राज बसंत, छाओल अलिकुल माछवि पंथ। दिनकर किरन भेल पौगड़, केसर कुसुम घएल हेमदंड' कवि विद्यापति की प्रसिद्ध उक्ति के साथ सम्बोधन की शुरुआत की। प्रो नरेंद्र कुमार ने कहा कि वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा गया है इस समय पीले पीले सरसों और पपीहे कि गूंज और कोयल की कुक चाहुं दिशा में गुंजायमान होने लगती है मानों प्रकृति नई नवेली दुल्हन की तरह सिंगार करती दिखती है। संचालन श्रुति सुमन ने किया। मौके पर नंदकिशोर कुमार, कनकप्रिया, रजनिशा, खुशी, सुषमा, शबनम, अंजली, अनिशा, ऋचा, मंजीत और अभिनव भी थे।

दैनिक जागरण

# गीत–नृत्य के सप्तरंगी रंगों से परिसर गुलजार




कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं प्रशिक्षु छात्राएं • जागरण

वि, समस्तीपुर : बिरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को बसंत कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान गीत व नृत्य के सप्तरंगी रंगों से सम्पूर्ण परिसर गुलजार रहा। कार्यक्रम में बीएड व डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं के साथ साथ प्राध्यापकों ने भी भाग लिया। समारोह की शुरुआत करते हुए प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने कहा कि जब शक्ति का विस्तार होता है तो ज्ञान की आवश्यकता बढ़ जाती है। सांस्कृतिक कमेटी के प्रभारी प्रो नरेंद्र कुमार ने कहा कि बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा गया है। डीएलएड विभागाध्यक्ष ने नई पीढ़ी को सभ्यता संस्कृति से जुड़ने की अपील की। संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न संस्कृतियों के गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन श्रुति सुमन ने किया। तकनीकी

हिंदुस्तान

# संत पॉल ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत उत्सव मना




कल्याणपुर। बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को धूमधाम से बसंत कला महोत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ रौली द्विवेदी एवं कल्चरल कमेटी के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्या डॉ द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि जब शक्ति का विस्तार होता है तो ज्ञान की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। कल्चरल कमेटी के प्रभारी प्रो. नरेंद्र कुमार ने वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा की संज्ञा देते हुए इसके विशेषता की विस्तारपूर्वक वर्णन किया। डीएलएड विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में आज के इस आधुनिक दौर में अपनी विरासत को बचाये रखने की बात कही। इस उत्सव में संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षुओ ने क्षेत्रीय और विभिन्न संस्कृतियों के गीत और नृत्य प्रस्तुत किये।

01/03/2025 हिंदुस्तान



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण

# कॉलेज में विज्ञान दिवस का आयोजन

कल्याणपुर। बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को साइंस एक्जीबिशन और एक्सटेंशन लेक्चर के साथ-साथ हाउस आधारित टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच मॉडल मेकिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम खोजों को प्रोत्साहित करने तथा छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

दैनिक भास्कर

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्र।

**भास्कर न्यूज | कल्याणपुर**

बिरसिंहपुर स्थित संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में साइंस एक्जीबिशन और एक्सटेंशन लेक्चर के साथ हाउस आधारित टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन हुआ। कार्यक्रम में बीएड तथा डीएलएड के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कॉलेज के रिसर्च कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी सह अथिति द्वय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र प्रसाद और विशिष्ट अतिथि डीएसडब्ल्यू भोला चौरसिया थे। प्राचार्य ने विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और तकनीक की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत बहुत तेजी के साथ विकसित भारत बन रहा है। सूचना और प्रौद्योगिकी का विकास एक नये भारत का निर्माण करेगा।

09/03/2025 दैनिक भास्कर

# सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सभागार में विचार संगोष्ठी



**कल्याणपुर** | सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के पीपीएन सिंह सभागार में पी.जी. सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी आयोजित की गई । कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और सशक्तिकरण को सम्मान देना, महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता बढ़ाने, लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने \'नारी ही शक्ति, नारी है ज्योति, नारी बिना ये दुनिया है। खोटी, ममता की मूरत, प्रेम की गंगा, हर दुख-दर्द में बनती है संगा' कविता से किया। कहा कि हम सभी को मातृशक्ति के प्रति श्रद्धाभाव बनाये रखना चाहिए। कॉलेज के महिला समिति की समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रतिभा रॉय ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए जागरूक रहना चाहिए।

हिंदुस्तान

## थीम के साथ मनाया गया महिला दिवस

कल्याणपुर। सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के पीपीएन सिंह सभागार में पीजी सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक विचार सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और सशक्तिकरण को सम्मान देना और महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रभात खबर

**सेंटपॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में संगोष्ठी आयोजितः कल्याणपुर** . सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के पीपीएन सिंह सभागार में पीजी सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार संगोष्ठी हुई. इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और

13/03/2025 हिंदुस्तान

## मिथिला परंपरानुसार धूमधाम से मना रंगोत्सव



होली मिलन समारोह में मौजूद छात्र एवं शिक्षक।

कल्याणपुर। बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में बुधवार को मिथिला परंपरा नुसार होली उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। डॉ. अमित पाण्डेय ने दिगम्बर खेलें होली गीत से शुरुआत की। मंच संचालन प्रो. चन्दन कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के समस्त प्राध्यापक नन्देश, मनोज कुमार, डॉ प्रतिभा रॉय, अर्पणा कुमारी, मीना कुमारी, मो निजामुद्दीन, तहसीन कादरी, श्याम किशोर, मिथिलेश, उदय, नीतीश और नीरज सहित समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे। संगीत प्राध्यापक रोहित कुमार ने मंच से संगीत की शमां बांध दी। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग नंदकिशोर कुमार ने दिया।

दैनिक भास्कर/दैनिक जागरण

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मना रंगोत्सव



मिथिला परम्परागत धूमधाम से रंगोत्सव मनाते शिक्षक व छात्र।

भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में होली उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने अपने संदेश में कहा कि होली मेलजोल का त्योहार है, हमें अपने मन के मैल को नष्ट करके होली पर्व के मूल संदेश को आत्मसात करना चाहिए। डॉ. अमित पाण्डेय ने दिगम्बर खेलें होली गीत से शुरुआत की। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सम्मिलित हुए और अत्यंत मनोहारी फाग गीत और नृत्य प्रस्तुत किये। कनक, माला, नीलम, आरती, ख़ुशी, वीणा, पल्लवी, श्वेता और जय, अमन ने इस कार्यक्रम को अत्यंत मनोरंजक बना दिया। मंच संचालन असि प्रो चन्दन कुमार ने किया।

om मुजफ्फरपुर, 13 मार्च, 2025 4

समाचार सार

# खेले मसाने में होली दिगंबर... की प्रस्तुति ने मनमोहा



होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में बुधवार को होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने कहा कि पर्व के मूल संदेश को आत्मसात करना चाहिए। डा. अमित पाण्डेय ने दिगम्बर खेलें होली गीत से शुरुआत की। कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम रंगों की इस महोत्सव को किसी भी प्रकार की अश्लीलता या दुर्व्यवहार से बदरंग न होने दें। इस कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षु उत्साह के साथ सम्मिलित हुए और फाग गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कनक, माला, नीलम, आरती, ख़ुशी, वीणा, पल्लवी, श्वेता और जय, अमन ने इस कार्यक्रम को मनोरंजक बना दिया। मंच संचालन प्रो. चन्दन कुमार ने किया। नंदेश कुमार, मनोज कुमार, डा. प्रतिभा राय, अर्पणा कुमारी, मीना कुमारी, मो. निजामुद्दीन, तहसीन कादरी, श्याम किशोर, मिथिलेश कुमार, उदय कुमार, नीतीश कुमार और नीरज कुमार आदि सक्रिय रहे।

30/03/2025 दैनिक जागरण

## जड़ से जुड़े बिना भारत का विकास संभव नहीं



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि • जागरण

**वि, समस्तीपुर** : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा से अतीत की नींव पर विकसित भारत का निर्माण विषय पर संगोष्ठी हुई। आईक्यूएसी समन्वयक अर्पणा कुमारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। डा. अमत पांडेय ने कहा कि अपने जड़ों से जुड़े बिना भारत का विकास संभव नहीं। मुख्य वक्ता डा. हरि नारायण ने वेद, उपनिषद और दर्शन पर शोध के महत्व को रेखांकित किया। मौके पर प्राचार्या डा. रौली द्विवेदी, अजय कुमार, साधना, भव्या सहित बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु उपस्थित थे। मंच संचालन चंदन कुमार और रजनीशा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन तकनीकी सहायता नंद किशोर व सूरज कुमार ने दी।

23/04/2025 दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, लोगों ने की सराहना




**कल्याणपुर|** विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बिरसिंहपुर द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। कॉलेज के बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं की रैली को प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर कल्याणपुर चौक के लिए रवाना किया। प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी की रक्षा करना है तो हमें पर्यावरण की रक्षा करनी ही होगी। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और ऊर्जा समेत संसाधनों की खपत को रोकना है। मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक तहसीन कादरी, डॉ अमित पाण्डेय सहायक प्रो. नरेन्द्र, चंदन, मिथिलेश आदि थे।

दैनिक जागरण

## संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज ने पृथ्वी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



जागरूकता रैली में शामिल कालेज की छात्राएं व कर्मी • जागरण

वि, समस्तीपुर : जिले के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत बीरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें कालेज के बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। रैली को प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने हरी झंडी दिखा कर कल्याणपुर चौक के लिए रवाना किया। प्राचार्या ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना है तो हमें पर्यावरण की रक्षा करनी ही होगी। कार्यक्रम के समन्वयक तहसीन कादरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। डा. अमित पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में सहायक प्रो. नरेन्द्र कुमार, चंदन कुमार, मिथिलेश कुमार व रोहित कुमार मौजूद थे। यह जागरूकता रैली कल्याणपुर के गोपालपुर गांव में जाकर समाप्त हुई।

प्रभात खबर



रैली को रवाना करते प्राचार्य व अन्य.

## पर्यावरण संरक्षण से ही बचेगी धरती : प्राचार्य

**कल्याणपुर.** विश्व पृथ्वी दिवस पर सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी. इसमें कॉलेज के बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. रैली को प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने हरी झंडी दिखा कर कल्याणपुर चौक के लिए रवाना किया. कहा कि इसका उद्देश्य पृथ्वी की रक्षा करना है. कार्यक्रम समन्वयक तहसीन कादरी ने कहा कि पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया जाता है. डॉ अमित पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना, लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके बताना, जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखना, वनों की कटाई को रोकना, प्रदूषण कम करने की तरफ कदम बढ़ाना और पृथ्वी के हित में अन्य कार्य करने के लिए लोगों को जागरूक करना उद्देश्य है. कार्यक्रम में सहायक प्रो नरेन्द्र, चंदन, मिथिलेश एवं रोहित आदि थे.

22/06/2025 प्रभात खबर

## सेंट पॉल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



योग करते प्रतिभागी.

**कल्याणपुर.** अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर शनिवार को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य विषय पर विशेष आयोजन किया गया. इसका प्रमुख उद्देश्य योग और सतत स्वास्थ्य व्यवस्था के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत कल्याण के बीच गहरा संबंध प्रदर्शित करना था. कॉलेज के योग प्राध्यापक ने विभिन्न आसनों में प्राणायाम और ध्यान सत्रों का संचालन किया. उपस्थितों प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शवासन, त्रिकोणासन आदि का अभ्यास किया.

12/07/2025 दैनिक भास्कर

## नुक्कड़-नाटक कर दिया गया जागरूकता का संदेश



नुक्कड़-नाटक में शामिल छात्र-छात्राएं।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

विश्व जनसंख्या दिवस पर सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर ने शुक्रवार को शंकर चौक, बिरसिंहपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के कारण, प्रभाव और नियंत्रण के उपायों पर समाज को जागरूक करना रहा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि एक गंभीर वैश्विक चुनौती है। इसे शिक्षा के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से जनसंख्या नियंत्रण को समझने और इस दिशा में कदम उठाने की अपील की। असिस्टेंट प्रोफेसर कादरी ने परिवार नियोजन और परिवार कल्याण के बीच संबंध को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षुओं ने रोहित कुमार के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के संवाद, अभिनय और दृश्य प्रभावशाली रहे। दर्शकों को इस गंभीर विषय पर सोचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग, कॉलेज के डॉ. निजामुद्दीन, श्याम किशोर सिंह, एस.पी. चौधरी, डॉ. प्रतिभा, डॉ. निमेष, मिथिलेश सर, चंदन, धर्मबीर, अमित, प्रिंस, आशीष, गोविन्द, रौशन, शबनम, सलोनी, पल्लवी सहित सभी प्रशिक्षु, कर्मचारी और अभिभावक शामिल हुए। नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। जनसंख्या नियंत्रण के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में यह प्रयास सफल बताया गया।

दैनिक जागरण



# विश्व जनसंख्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक

वि, समस्तीपुर : विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर की ओर से शंकर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम और नियंत्रण के उपायों को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना था। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि एक गंभीर वैश्विक समस्या है, जिसे शिक्षा के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। सहायक प्राध्यापक नरेंद्र ने सरकार द्वारा संचालित जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों में भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। डा. अमित पाण्डेय ने चेताया कि यदि समय रहते उपाय नहीं किए गए तो भारत की जनसंख्या 2050 तक 200 करोड़ पार कर सकती है। प्रो. कादरी ने परिवार नियोजन और परिवार कल्याण के संबंध को विस्तार से समझाया। शिक्षक रोहित के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में चंदन, धर्मबीर, अमित, प्रिंस, आशीष, गोविन्द, रौशन, शबनम, सलोनी, पल्लवी सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में डा. निजामुद्दीन, श्याम किशोर सिंह, एस.पी. चौधरी, डा. प्रतिभा, डा. निमेष और मिथिलेश कुमार सहित अभिभावकों व स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

जागरूकता कार्यक्रम में कालेज के छात्र एवं शिक्षक • जागरण

क्लासीफाइड
आवश्यकता
Job Opening for (B.Sc,B.Com, B.A Pass Fresher Candidate)
Location 1.Mumbai 2

प्रभात खबर



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक, लोगों को दिया संदेश

कल्याणपुर. विश्व जनसंख्या दिवस पर सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर के छात्र व छात्राओं ने शुक्रवार को शंकर चौक पर नुक्कड़ नाटक किया. इसका उद्देश्य बढ़ती वैश्विक जनसंख्या के कारणों, प्रभावों और इसके नियंत्रण के उपायों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है. प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को एक गंभीर वैश्विक चुनौती है. जिसके लिए शिक्षा के माध्यम से जागरूकता फैलाकर इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है. उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को समझने और सक्रिय कदम उठाने की अपील की. प्रो नरेंद्र ने सरकार द्वारा संचालित परिवार कल्याण और जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों में सहभागिता पर जोर दिया.

प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार और समुदाय को जागरूक करने में योगदान देना चाहिए. डॉ. अमित पाण्डेय ने कहा कि भारत की वर्तमान जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है. यदि समय रहते नियंत्रण के उपाय नहीं किये गये तो 2050 तक यह 200 करोड़ तक पहुंच सकती है. जिसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं. प्रो कादरी ने परिवार नियोजन और परिवार कल्याण के बीच संबंध को विस्तार से समझाया.

रोहित कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण का संदेश जीवंत और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. नाटक के उत्कृष्ट संवाद, भावपूर्ण अभिनय और आकर्षक दृश्यों ने दर्शकों को इस गंभीर मुद्दे पर विचार करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में रथा डॉ निजामुद्दीन, श्याम किशोर सिंह, एसपी चौधरी, डॉ प्रतिभा, डॉ निमेष, मिथिलेश, चंदन, धर्मवीर, अमित, प्रिंस, आशीष, गोविन्द, रौशन, शबनम, सलोनी, पल्लवी ने उत्साहपूर्वक भाग.

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते प्रतिभागी.

24/07/2025 दैनिक जागरण

# क्लास रूम आफ द फ्यूचर विषय पर व्याख्यान



पत्रिका का विमोचन करते प्राचार्य व अन्य • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज की रिसेर्च एडवाइजरी कमेटी द्वारा बुधवार को क्लासरूम्स आफ द फ्यूचर : एआई एंड टेक्नोलाजी बेस्ड टीचिंग मेथड विषय पर विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने कालेज की वार्षिक पत्रिका अपराजिता के छठे संस्करण का विमोचन किया। डा. अमित पाण्डेय ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षण विधियों की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता डा. विवेक दत्त (रिसोर्स पर्सन, एससीईआरटी) ने पीपीटी के माध्यम से एआई की भूमिका, नैतिक चिंताए और शिक्षा क्षेत्र में इसके व्यावहारिक उपयोग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

हिंदुस्तान

# टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में एआई पर व्याख्यान



समस्तीपुर। संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बीरसिंहपुर द्वारा बुधवार को क्लासरूम्स ऑफ द फ्यूचर, एआई एंड टेक्नोलॉजी बेस्ड टीचिंग मेथड्स विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका अपराजिता के छठे संस्करण का विमोचन मुख्य अतिथि, सचिव अविनाश कुमार एवं प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

29/07/2025 हिंदुस्तान

## संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ पौधरोपण



**समस्तीपुर** संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बीरसिंहपुर में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर सोमवार को पौधरोपण, साफ–सफाई, जल निकासी और जागरूकता रैली जैसे विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में जीवन का आधार प्रकृति के पांच तत्वों को माना गया है। उन्होंने इस दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन बना रहे और भावी पीढ़ियां भी इनका लाभ उठा सकें।

07/08/2025 दैनिक भास्कर

### लोक परंपरा का रंगारंग संगम देखने को मिला

## सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सावन कला महोत्सव हुआ

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

प्रखंड के सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में सावन कला महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार को सांस्कृतिक कमेटी द्वारा आयोजित किया गया। इसमें सांस्कृतिक रचनात्मकता और लोक परंपरा का रंगारंग संगम देखने को मिला। सावन की हरियाली और उत्सवधर्मिता को समर्पित "सावन कला महोत्सव" का भव्य आयोजन सांस्कृतिक कमेटी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए कला, संगीत और संस्कृति की अनुपम झलक प्रस्तुत कि।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी के संग सांस्कृतिक कमेटी के सदस्यगण द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। उन्होंने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा, कि "सावन भारतीय लोकजीवन का सबसे हरा-भरा, उल्लासमय और रचनात्मक महीना है। इस महोत्सव के माध्यम से नारी सृजनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और सौंदर्यबोध का अद्भुत समन्वय मंच पर देखने को मिला है। मौके पर समूह गीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने "कजरी", "झूला" और "सावन गीतों" के माध्यम से मेघ, प्रेम, विरह और पर्व के भाव को स्वर लहरी छाई रही । वहीं एकल गीत में कई प्रतिभागियों ने लोकगायन की मधुर प्रस्तुतियाँ भी हुई। छात्राओं ने लोकप्रतीकों को उकेरकर सबका मन मोह लिया।

हिंदुस्तान



अपनी कला का प्रदर्शन करती कॉलेज की छात्राध्यापिकाएं।

## संत पॉल ट्रेनिंग कॉलेज में सावन उत्सव

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बुधवार को सावन की हरियाली और उत्सवधर्मिता को समर्पित सावन कला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी के संग सांस्कृतिक कमेटी के सदस्यगण के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। छात्राओं ने कलात्मक रेखाओं से सावन, झूला, मोर और राधा-कृष्ण जैसे लोक प्रतीकों को उकेरकर सबका मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर चयनित छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रभात खबर

## संट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग में हुआ सावन कला महोत्सव



महोत्सव में शामिल प्रतिभागी.

**कार्यक्रम**

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सावन कला महोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक कमेटी द्वारा किया गया. इसमें सांस्कृतिक रचनात्मकता और लोक परंपरा का रंगारंग संगम देखने को मिला. सावन की हरियाली और उत्सवधर्मिता को समर्पित सावन कला महोत्सव में प्रशिक्षु शिक्षकों ने कला, संगीत और संस्कृति की अनुपम झलक प्रस्तुत किया.

शुरुआत प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी [illegible] सांस्कृतिक कमेटी के सदस्यों [illegible] लाकर किया. प्राचार्य ने कहा [illegible] सावन भारतीय लोक जीवन का [illegible] से हरा-भरा, उल्लासमय और [illegible]त्मक महीना है. इस महोत्सव के माध्यम से नारी सृजनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और सौंदर्यबोध का अद्भुत समन्वय मंच पर देखने को मिला है. मौके पर समूह गीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने कजरी, झूला और सावन गीतों के माध्यम से मेघ, प्रेम, विरह और पर्व के भाव को स्वर लहरी छाई रही. वहीं एकल गीत में कई प्रतिभागियों ने लोक गायन की मधुर प्रस्तुति भी हुई. पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रकृति और सावन, हरियाली तीज, भारतीय स्त्री और उत्सव जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाशक्ति और रंगों का सुंदर प्रयोग किया. मेहंदी प्रतियोगिता में पारंपारिक डिजाइनों और नवाचार का अद्भुत संगम देखने को मिला. छात्राओं ने कलात्मक रेखाओं से सावन, झूला, मोर और राधा-कृष्ण जैसे लोक प्रतीकों को उकेर कर मनमोह लिया. निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर चयनित छात्राओं को पुरस्कृत किया.

15/08/2025 हिंदुस्तान

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन



समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बीएड सत्र 2025-27 के नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम गुरुवार को आरंभ हुआ। सर्वप्रथम प्रशिक्षुओं का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया किया। फिर प्रशिक्षुओं द्वारा ऑनलाइन एंटी-रैगिंग फॉर्म भरने की प्रक्रिया संपन्न हुई। रजनीशा कुमारी एवं अजय कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष एनके ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

प्रभात खबर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम



शुभारंभ करते सचिव, प्राचार्य व अन्य.

**कल्याणपुर.** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में दो दिवसीय ओरिएंटेशन की शुरुआत हुई. इसमें बीएड सत्र 2025-27 के नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया. प्रशिक्षुओं का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर सुगंधा कुमारी व नीतू कुमारी ने किया. ऑनलाइन एंटी रैगिंग फॉर्म भरने की प्रक्रिया हुई. संचालन पूर्ववर्ती बीएड प्रशिक्षु रजनीशा कुमारी एवं अजय कुमार ने किया. महाविद्यालय सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष एनके ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. प्राचार्य डॉ. द्विवेदी ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक व अनुशासनात्मक परंपराओं से परिचित कराया. सचिव श्री कुमार ने नव-प्रवेशियों को उत्कृष्ट शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया. संचालन सहायक प्राध्यापक रोहित कुमार ने किया. समिति संयोजकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की योजनाएं और आगामी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की. इसके बाद 2023-25 सत्र के बीएड टॉपर्स प्रवीण कुमार, अमरजीत कुमार और आनिश कुमार को सचिव श्री कुमार, प्राचार्या डॉ. द्विवेदी एवं सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने सम्मानित किया. कॉलेज के संदर्भ में प्रशिक्षुओं ने अपने विचार साझा किये. इसमें अजय कुमार, अमित कुमार, नेहा कुमारी, कौशल कुमार, राजनंदिनी, आशीष रंजन, चंदन कुमार व अर्चना कुमारी शामिल थी.

दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न



**कल्याणपुर** | संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बीएड सत्र (2025-27) के नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण ...ल में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों एवं कर्मचारियों ... उपस्थिति के साथ हुई। प्रशिक्षुओं का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर सुगंधा कुमारी एवं नीतू कुमारी ने किया। प्रशिक्षुओं द्वारा ऑनलाइन एंटी-रैगिंग फॉर्म भरने की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन पूर्ववर्ती बी.एड. प्रशिक्षु रजनीशा कुमारी एवं अजय कुमार ने कुशलतापूर्वक किया। इसमें महाविद्यालय सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष एन.के. ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।

22/08/2025 दैनिक भास्कर

## महिला शिक्षा आत्मनिर्भर भारत की नींव : डॉ. रोली

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बी.एड. सत्र 2025-27 की प्रशिक्षुओं के लिए महिला अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु पल्लवी भारती ने किया। दीप प्रज्वलन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी और महिला उत्थान परिकोष्ठ समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि महिला शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र- निर्माण की आधारशिला है। शिक्षित महिला अपने घर-परिवार को सशक्त बनाती है और नई पीढ़ी को बेहतर दिशा देती है। शिक्षा से ही महिलाओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है।

# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में पांच दिनों का एफडीपी शुरू

वि, समस्तीपुर : कल्याणपुर प्रखंड के बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में प्राध्यापक व शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संवर्धन के लिए पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ कालेज-सचिव अविनाश कुमार ने प्राचार्य एवं आइक्यूएसी अध्यक्ष के साथ संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डा. रोली द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के संवाहक ही नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माता भी हैं। ऐसे में नवीनतम शैक्षणिक दृष्टिकोण से उनका परिचित होना समय की मांग भी है। उन्होंने कहा कि यह एफडीपी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को नया आयाम देगा। प्रथम दिन का विषय आउटकम बेस्ड एजुकेशन और ब्लूम्स टैक्सनामी है।



कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापक एवं अन्य • जागरण

27/08/2025 दैनिक जागरण

दैनिक भास्कर

# सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पांच दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ, शिक्षा पर विचार-विमर्श



कल्याणपुर | सेंट पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में प्रोफ़ेसर, प्राध्यापक/शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संवर्धन के पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान और प्रकाश के प्रतीक दीप प्रज्वलन से हुआ। इसमें कॉलेज सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी, आईक्यूएसी अध्यक्ष तथा आरएसी कम्यूनिटी ने सहभागिता की। स्वागत उद्‌बोधन में प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संवाहक ही नहीं, बल्कि भविष्य का निर्माता है। ऐसे में नवीनतम शैक्षणिक दृष्टिकोण से उसका परिचित होना समय की मांग है। यह एफडीपी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को नये आयाम देगा।

प्रभात खबर



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी.

31/08/2025 दैनिक जागरण



# संत पॉल कॉलेज में डेवलपमेंट प्रोग्राम

पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मौजूद शिक्षक व अन्य।

कल्याणपुर| संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वीरसिंहपुर में री इमेजिंग लर्निंग आउटकम बेस्ड एजुकेशन और इनोवेटिव टीचिंग प्रैक्टिस पर आधारित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 26 अगस्त से प्रारंभ होकर शनिवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और परिणाम आधारित शिक्षण से अवगत कराना था। समापन सत्र में सचिव ने संबोधन में कहा, यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें नवाचार और प्रभावी शिक्षण के लिए प्रेरित करेगा। प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, 'शिक्षकों का यह प्रयास न केवल उनके विकास के लिए बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। अमित पाण्डेय ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी टीम को धन्यवाद दिया।

दैनिक जागरण



# संत पाल में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज मे कार्यक्रम मे मौजूद शिक्षक • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में शनिवार को री इमेजिंग लर्निंग आउटकम बेस्ड एजुकेशन और इनोवेटिव टीचिंग प्रैक्टिस पर आधारित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न हो गया। सुबह 10 बजे से मनोवैज्ञानिक परीक्षण व विश्लेषण सत्र हुआ। प्रमाण पत्र वितरण सत्र में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। फीडबैक और सुझाव सत्र में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नवाचार और प्रभावी शिक्षण के लिए प्रेरित

गुणवत्तापूर्ण बनाना है, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। कहा कि शिक्षकों का यह प्रयास न केवल उनके विकास के लिए बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। आईक्यूएसी और आरएसी के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आईक्यूएसी और आरएसी की तरफ से डॉ. अमित पांडेय ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी संकाय सदस्यों, प्रतिभागियों और सहयोगी टीम का धन्यवाद

दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हिंदी दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



कल्याणपुर| संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्य ने संबोधन में कहा हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इस अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं ने भाषण, कविता-पाठ, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही प्रशिक्षुओं द्वारा नाटक, एकल नाटक और हास्य-व्यंग्य नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक/प्राध्याप किा आदि थे।

दैनिक जागरण

## राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल कालेज के प्रशिक्षु • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में सोमवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। प्राचार्या ने हिंदी को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। बी.एड और डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं ने भाषण, कविता-पाठ, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, नाटक और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से भाषा की महत्ता और सामाजिक सरोकारों को उजागर किया। महादेवी वर्मा और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रेरणास्पद उद्धरणों ने माहौल को ओजपूर्ण बना दिया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों की सराहना की और विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें समस्त कालेज परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रभात खबर



# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं.

**कल्याणपुर.** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में सोमवार को राष्
हिंदी दिवस मनाया गया. शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हु
प्राचार्या डा रोली द्विवेदी ने अपने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, ब
भारतीय संस्कृति की आत्मा है. इस अवसर पर बीएड एवं डीएलएड प्रशि
ने भाषण, कविता-पाठ, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं मे
लिया. प्रशिक्षुओं ने नाटक, एकल नाटक और हास्य-व्यंग्य नाटक प्रस्तुत
इनमें समाज की समस्याओं, भाषा की प्रासंगिकता और राष्ट्रीय चेत
रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया.

हिंदुस्तान



सोमवार को प्राचार्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षु।

# संत पॉल कॉलेज में हिंदी दिवस आयोजित

**समस्तीपुर।** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मौके पर प्राचार्या डॉ रौली द्विवेदी ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इस अवसर पर भाषण, कविता-पाठ, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

# ओजोन परत पृथ्वी का अदृश्य सुरक्षा कवच



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं प्राचार्या = जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सह-पाठ्यक्रम समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ओजोन परत के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रभारी मोटीए कादरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से ओजोन परत के महत्व को रेखांकित किया। जिसमें दर्शाया गया कि प्रदूषण नियंत्रण, पौधारोपण एवं सतत विकास की दिशा में ठोस प्रयास किए बिना धरती पर जीवन का संरक्षण संभव नहीं है। कालेज की प्राचार्य डा. रोली द्विवेदी ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी का अदृश्य सुरक्षा कवच है, जो सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से जीवन की रक्षा करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपना कर्तव्य समझें और इस दिशा में व्यावहारिक पहल करें।

17/09/2025 दैनिक जागरण

दैनिक भास्कर 25/09/2025

## सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज से निकाली गई जागरूकता रैली



कल्याणपुर । बीरसिंहपुर स्थित सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा बुधवार को साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के एक रैली का आयोजन किया। इस रैली का आयोजन बासुदेवपुर के निकटवर्ती गांवों के चौराहों पर किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों, राहगीरों और विशेष रूप से बीएड के प्रशिक्षु छात्रों को डिजिटल युग में साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली के दौरान बीएड के छात्रों ने प्राध्यापकों के निर्देशन में साइबर खतरों की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रकाश डाला।

10/10/20

25 प्रभात खबर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को लेकर अभियान चलाया. कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिसर में भी सफाई अभियान चलाया गया. बैनर के माध्यम से संदेश दिया गया स्वच्छता ही सेवा है. सह शैक्षिक समिति के तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं स्वच्छता रैली जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई. इसमें बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज की. प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी क्रिया नहीं, यह हमारे विचार, व्यवहार और सामाजिक संस्कार का प्रतीक है. शिक्षक प्रशिक्षुओं को स्वच्छता का संदेश अपने आचरण से देना चाहिए, ताकि वे समाज में प्रेरणा स्रोत बन सकें. संचालन आयोजक

किया गया. उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा, जब हम इसे अपने जीवन का स्थायी संस्कार बना लें. स्वच्छता पखवाड़े की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कॉलेज के बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, झउरी कल्याणपुर में एक सामुदायिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया. इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर सफाई अभियान, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और व्यक्तिगत स्वास्थ्य-स्वच्छता पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया. स्वास्थ्यकर्मियों ने हाथ धोने की सही विधि, कचरा पृथक्करण और स्वस्थ जीवनशैली पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया. स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास शिक्षा से समाज तक स्वच्छता और स्वास्थ्य का सशक्त संदेश देने वाला है. प्राचार्या ने कहा कि कार्यक्रम के अंत में कॉलेज परिवार ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता केवल एक पखवाड़े की गतिविधि नहीं, बल्कि प्रत्येक प्रशिक्षु

दैनिक जागरण

# स्वच्छता के लिए संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में चला जागरूकता अभियान



प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता अभियान चलाते कालेज के छात्र • जागरण

वि, समस्तीपुर: संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बीरसिंहपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कालेज परिसर में साफ-सफाई हुई। पोस्टर व नारों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया। सह-शैक्षिक समिति की देखरेख में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, नारा लेखन एवं स्वच्छता रैली आयोजित हुई। इसमें बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कालेज की प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी कार्य नहीं, यह हमारे विचार और संस्कार का प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सह-शैक्षिक समिति के संयोजक तहसीन आलम कादरी को सम्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में प्रशिक्षुओं ने अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र, झडरी कल्याणपुर में सामुदायिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलाया। इसमें सफाई अभियान, प्लास्टिक प्रबंधन एवं हाथ धोने की सही विधि पर प्रशिक्षण दिया गया।

17/10/2025 दैनिक जागरण

# तीन दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं टीचर्स ट्रेनिंग कालेज की प्रशिक्षु • जागरण

वि, समस्तीपुर : जिले के बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में गुरुवार को तीन दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन की पहली संध्या सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य-गीतों और लोक-रंग से सराबोर रही। कार्यक्रम का संचालन बीएड. प्रशिक्षु अभिषेक कुमार एवं प्रतिभा कुमारी ने किया। इससे पूर्व कालेज के सचिव अविनाश कुमार ने प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक नरेंद्र कुमार एवं

किया। डीएलएड प्रशिक्षु नीलम एवं अनिश ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। नव्या कुमारी के नृत्य ऐगिरी नंदिनी से आरंभ हुआ। इसके बाद प्रिया कुमारी ने गीत जय जय भैरवी गाकर भक्तिभाव जगाया। लोकनृत्य झिझिया और यादों का सफर पर मुस्कान, ज्योति, पल्लवी, ममता, अंजलि एवं प्रीति (डी.एल.एड.) की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। डीएलएड के विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने

प्रभात खबर

# संत पॉल कॉलेज में छठ महोत्सव को लेकर हुई रंगोली प्रतियोगिता



प्रतिभागियों के साथ शिक्षक

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

सेंट पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छठ महोत्सव पर गुरुवार को रंगोली एवं छठ पूजा समारोह लोक-संवेदना के साथ हुआ. तीन दिवसीय आयोजन की पहली संध्या सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य-गीतों और लोक-रंग से सराबोर रही. संचालन बीएड प्रशिक्षु अभिषेक एवं प्रतिभा ने किया.

शुभारंभ कॉलेज सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक नरेंद्र कुमार व डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया. डीएलएड प्रशिक्षु नीलम व अनिश ने गणेश वंदना प्रस्तुत की. डॉ. प्रतिभा राय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. नव्या कुमारी के नृत्य ऐ गिरी नंदिनी से हुआ. प्रिया कुमारी ने जय-जय भैरवी गाकर भक्तिभाव जगाया. लोकनृत्य झिझिया व यादों का सफर पर मुस्कान, ज्योति, पल्लवी, ममता, अंजलि एवं प्रीति की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी. मैथिली गीत रहब रूसल कातिक दिन भवानी पर नीलम और अनिश की जोड़ी ने छठ पर्व की लोक-भावना को मंच पर जीवंत कर दिया. समूह गीत अम्बे-अम्बे व जट-जटिन नृत्य पर नव्या, आयुषी, खुशी, मीनू, सीमा, नीतु, ऋतिका एवं प्रीति ने शानदार प्रस्तुति दी. डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.

प्राचार्या डॉ. द्विवेदी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, भारतीयता और लोक-संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त बनाता है.

दैनिक भास्कर

# संत पॉल कॉलेज में रंगोली व छठ पूजा उत्साव मनाया



रंगोली एवं छठ पूजा समारोह में कॉलेज सचिव व अन्य।

भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में गुरुवार को भारतीय सांस्कृतिक महोत्सव "रंगोली एवं छठ पूजा समारोह" का शुभारंभ पारंपरिक उल्लास और लोक-संवेदना के साथ हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन की पहली संध्या सांस्कृतिक

सराहना भी हुई। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. प्रशिक्षु अभिषेक एवं प्रतिभा ने किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें कॉलेज सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक नरेंद्र कुमार एवं डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर सहित सभी सहायक प्राध्यापक

हिंदुस्तान



# संत पॉल कॉलेज में छठ महोत्सव की रंगोली सजी

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में गुरुवार को तीन दिवसीय भारतीय सांस्कृतिक महोत्सव रंगोली एवं छठ पूजा समारोह का शुभारंभ पारंपरिक उल्लास के साथ हुआ। पहली संध्या सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य-गीतों और लोक-रंग से सराबोर रही। शुभारंभ कॉलेज के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी, सांस्कृतिक समिति के समन्वयक नरेंद्र कुमार एवं डीएलएड विभागाध्यक्ष नंदेश कुमार ठाकुर आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। फिर नीलम एवं अनिश ने गणेश वंदना प्रस्तुत की।

19/10/2025 हिंदुस्तान



# सामाजिक और सांस्कृतिक रंग बिखेरे

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय सांस्कृतिक महोत्सव का समापन शनिवार को हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित रंगोलियों में भारतीय दर्शन में नारी शक्ति और शिक्षा के महत्व को उजागर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के समन्वयक नरेंद्र और नीरज ने कहा कि यह सांस्कृतिक

प्रशिक्षु छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाकर लोगों को मोहा।

क्षेत्रीय संस्कृति को संजोने का एक अनूठा अवसर है। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल, जिसमें कॉलेज के आईक्यूएसी प्रभारी, वरिष्ठ प्राध्यापक

विशेषज्ञ शामिल थे, ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, रंग संयोजन, और भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ सामाजिक संदेशों की स्पष्टता की प्रशंसा की। मंच

12/11/2025 दैनिक भास्कर

# सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनी जयंती



मौके पर मौजूद अतिथि,शिक्षक व अन्य ।

भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

स्थानीय सेंट पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज,बिरसिंहपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के "शिक्षा विमर्श" विषय पर भव्य शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संगम को लेकर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार रखे। फेलिसिटेशन कार्यक्रम के दौरान आलोक झा और डा. मो. निजामुद्दीन को पगड़ी और चादर प्रदान की गयी। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक डा. अमित कुमार पांडेय ने शिक्षा के डिजिटल भविष्य, एआई कौशल और नई पीढ़ी की सीखने की शैली पर अहम तथ्य रखे। विशिष्ट अतिथि रोहित कुमार ने टेक-स्किल्स, उद्यमिता और एआई आधारित शिक्षण के भविष्य पर रोचक विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन डा. रॉली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन नव्या एवं पल्लवी ने किया।

दैनिक जागरण

## शिक्षा विमर्श में एआई आधारित शिक्षण पर मंथन



दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उदघाटन करते अतिथि • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में मंगलवार को शिक्षा विमर्श विषय पर शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नई पीढ़ी की तकनीकी सोच और एआई आधारित शिक्षण पर मंथन किया गया। परंपरा और आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संगम को लेकर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ पीपीएन सिंह आडिटोरियम में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन नव्या एवं पल्लवी ने संभाला। प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। फेलिसिटेशन कार्यक्रम के दौरान डा. निजामुद्दीन द्वारा मुख्य अतिथि आलोक झा को पाग व शाल देकर सम्मानित किया गया। डा. प्रतिभा राय ने स्वागत भाषण में शिक्षा में तकनीकी बदलावों पर चर्चा की। मौके पर प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी, नंदकिशोर कुमार, सहायक

27/11/2025 दैनिक जागरण



मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजन समिति के सदस्य।

## सेंट पॉल में संविधान दिवस का आयोजन

समस्तीपुर। सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बीरसिंहपुर में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के अंगीकृत होने के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्तीपुर के सचिव मनोज कुमार उपस्थित थे। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता समीर कुमार, प्राचार्या डॉ. रॉली द्विवेदी आदि ने संबोधित किया।

## सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में मनाया संविधान दिवस



कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते कालेज के प्राचार्य • जागरण

जासं, समस्तीपुर : सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में संविधान दिवस बड़े ही गरिमामयी और प्रेरणादायी माहौल में मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्तीपुर के सचिव मनोज कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के अधिकार, संविधान की मूल आत्मा, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और नागरिक जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान न केवल देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। वरिष्ठ अधिवक्ता समीर कुमार और आदर्श पासवान ने भी युवाओं को संविधान के आदर्शों को व्यवहार में अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

11/12/2025 प्रभात खबर

## मानवाधिकार मानवीय गरिमा का आधार : अमित



उद्घाटन सत्र में उपस्थित अतिथि, प्राचार्य व अन्य

**कल्याणपुर.** विश्व मानवाधिकार दिवस पर संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में मानवाधिकारों की महत्ता और उनके संरक्षण पर आधारित कार्यशाला हुई. इसमें मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकता पर चर्चा की गई. जिसे महाविद्यालय के पाठ-सहगामी कमेटी द्वारा संयोजित किया गया था. कार्यक्रम का शुभारंभ पीपीएन सिंह ऑडिटोरियम में हुआ. जहां नव्या और आयुषी ने कार्यक्रम का संचालन किया. फेलिसिटेशन सेगमेंट में मुख्य अतिथि अमित कुमार वर्मा, व कृष्ण मोहन पाठक को सम्मानित किया गया. अतिथियों ने मानवाधिकारों के संरक्षण, बाल सुरक्षा, नशामुक्ति व सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रेरक व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि मानवाधिकार केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा का आधार है. जिन्हें समाज के प्रत्येक स्तर पर सुरक्षित एवं संरक्षित किया जाना आवश्यक है. डॉ. अमित कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की थीम पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालते हुए मानवाधिकारों के व्यावहारिक उपयोग

दैनिक जागरण

## भारतीय संविधान सबसे बड़े लोकतंत्र का मार्गदर्शी



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्राध्यापक • जागरण

वि, समस्तीपुर : बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के अंगीकृत होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में का मुख्य विषय हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रहा। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार उपस्थित रहे। उनके द्वारा शिक्षा के अधिकार, संविधान की मूल आत्मा, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की भूमिका, तथा नागरिकों की संवैधानिक जिम्मेदारियों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। श्री कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान न केवल विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का मार्गदर्शक दस्तावेज है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय की सुनिश्चितता का संवाहक भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता समीर कुमार और आदर्श पासवान ने युवाओं से संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन कालेज की सह-पाठ्यक्रम समिति और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्तीपुर के संयुक्त सहयोग से किया गया। समारोह में कालेज के प्राध्यापकों, प्रशिक्षु शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

हिंदुस्तान

## टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मानवाधिकार दिवस मना



कॉलेज में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्या व अतिथि।

समस्तीपुर। विश्व मानवा अधिकार दिवस के अवसर पर संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बुधवार को मानवाधिकारों की महत्ता और उनके संरक्षण पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विषय मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकता रहा, जिसे

सिंह ऑडिटोरियम में हुआ। जहां नव्या और आयुषी द्वारा संचालित उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अमित कुमार वर्मा तथा कृष्ण मोहन पांडेय, को-ऑर्डिनेटर, मुस्कान डिस्ट्रिक्ट ड्रग डी-अडिक्शन सेंटर, समस्तीपुर को सम्मानित किया गया। प्रो.(डॉ) अमित कुमार पांडेय ने थीम पर प्रकाश डालते

12/12/2025 दैनिक भास्कर



## संत पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज में 'भारतीय भाषा उत्सव' का आयोजन

कल्याणपुर | संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में भारतीय
ाषा उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। यह उत्सव एनसीटीई के
र्देश पर 4 दिसम्बर से शुरू होकर 11 दिसम्बर तक मनाया गया,
ासमें महान कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर उनका विशेष
प से स्मरण किया गया। कार्यक्रम का थीम "मेनी लैंग्वेजेज , वन
ाशन " भारतीय भाषाओं की बहुलता में एकता का संदेश देता है।
 भाषा मेला का शुभारंभ डॉ. प्रतिभा रॉय के संचालन में हुआ।
ार्य डॉ. रोली द्विवेदी, डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीर बेरा,
ी भाषा संकाय तथा पाठ-सहगामी समिति के अध्यक्ष सहायक
 तहसीन आलम कादरी सहित द्वारा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन
ा गया। स्वागत भाषण असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार ने दिया।
क्रम में सुरेंद्र प्रसाद चौधरी, चंदन कुमार झा, बिजित दत्ता,
ी तहसीन आलम कादरी, नीतीश कुमार आदि भाषाओं में
र प्रस्तुत किए।

16/12/2025 दैनिक भास्कर



## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में वार्षिक खेलकूद महोत्सव शुरू

कल्याणपुर| संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ हुआ। छह दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी

स्वस्थ एवं उत्साहपूर्ण प्रतियोगिता की कामना की। खेल प्रशिक्षक तारा शंकर सिंह ने बताया कि इसमें कैरम, शतरंज, क्रिकेट एथलेटिक्स व म्युजिकल चेयर शामिल है। आयोजन समिति में सहायक

हिंदुस्तान



दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्‌घाटन करती प्राचार्य एवं शिक्षकगण

# कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ

**समस्तीपुर।** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। छह दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रॉली द्विवेदी एवं अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल प्रशिक्षक तारा शंकर सिंह ने बताया कि सोमवार को कैरम एवं शतरंज की प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। दूसरे एवं तीसरे दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। चौथा दिन क्रिकेट का महासंग्राम होगा। वहीं पांचवें दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दौड़, शॉर्ट पुट एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता होगी। अंतिम दिन म्यूजिकल चेयर के आयोजन के साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। आयोजन समिति में सहायक प्राध्यापक नील कुमार नीरज, नरेंद्र कुमार, रोहित कुमार सहित सभी प्रशिक्षकों, प्राध्यापकों ने उत्साहवर्धन एवं व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दैनिक जागरण

# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में वार्षिक खेलकूद शुरू



प्रतियोगिता की शुरुआत के दौरान प्रधानाध्यापक व अन्य • जागरण

**वि, समस्तीपुर :** जिले के बिरसिंहपुर स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू किया गया। छह दिवसीय आयोजन का उद्घाटन प्राचार्या डा रोली द्विवेदी ने प्राध्यापक के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। खेल प्रशिक्षक तारा शंकर सिंह ने बताया कि प्रथम दिन कैरम व शतरंज की प्रतियोगिता हुई। दूसरे एवं तीसरे दिन बैडमिंटन, चौथा दिन क्रिकेट और पांचवें दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होगी। अंतिम दिन म्यूजिकल चेयर का मजेदार कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण समारोह होगा। मौके पर सहायक प्राध्यापक नील कुमार नीरज, ... सभी प्रशिक्षक व प्राध्यापक मौजूद रहे।

09/01/2026 हिंदुस्तान

# सड़क सुरक्षा जागरूकता नुक्कड़ नाटक निकाला



समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याणपुर की छात्राओं, मोहल्ले के नागरिकों तथा आसपास के ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी द्वारा शुभारंभ नुक्कड़ नाटक की शुरुआत कॉलेज परिसर से होकर कल्याणपुर चौक तक की गई।

दैनिक भास्कर

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करती छात्राएं।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक की शुरुआत कॉलेज परिसर से होकर कल्याणपुर चौक तक की गई, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय

छात्राएं आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण सहायक प्रोफेसर एस. एम. तहसीन आलम एवं अन्य संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। बीएड प्रशिक्षुओं के साथ-साथ परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तेज गति से वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। अनुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी एस. पी. चौधरी एवं डॉ. प्रतिभा राय ने

दैनिक जागरण

## नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



नुक्कड़ नाटक में शामिल कालेज के छात्र छात्राएं • जागरण

**वि, समस्तीपुर** : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं, मोहल्लेवासियों व ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने किया। नुक्कड़ नाटक कालेज परिसर से कल्याणपुर चौक तक प्रस्तुत किया गया। वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बीएड प्रशिक्षुओं व छात्राओं ने हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन, जेब्रा क्रासिंग के उपयोग, तेज गति व मोबाइल पर वाहन न चलाने जैसे संदेश प्रभावी ढंग से दिए। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियम जीवन रक्षा का संकल्प हैं। लोगों ने नाटक की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कालेज प्रशासन ने ऐसे कार्यक्रमों को समाजहित में उपयोगी बताया।

दैनिक जागरण 09 जनवरी 2026

11/01/2026 दैनिक जागरण

## संत पाल कालेज में विश्व हिंदी दिवस पर गूंजा गौरव का स्वर



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि • जागरण

**वि, समस्तीपुर** : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी गौरव का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कालेज की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में किया गया। जिसमें हिन्दी भाषा के सम्मान और संवर्धन पर जोर दिया गया। शुभारंभ प्रशिक्षुओं द्वारा

की आत्मा बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष सत्र में सुरेंद्र चौधरी, चन्दन कुमार एवं मृत्युंजय सिंह ने हिंदी के वैश्विक स्वरूप और डिजिटल युग में इसकी प्रासंगिकता पर विचार रखे। प्रशिक्षुओं ने गीत-संगीत और वक्तव्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया। अंत में धन्यवाद

दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कार्यक्रम



मौके पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के सम्मान और संवर्धन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा किया गया। मंच संचालन प्रशिक्षु नव्या कुमारी एवं अभिषेक कुमार ने कुशलता से निभाई। डॉ. ए. के. पांडेय ने हिंदी को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सोच, संवेदना और संस्कारों की वाहक है। मौके पर सुरेंद्र चौधरी, चन्दन कुमार, मृत्युंजय सिंह आदि ने विचार रखें। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. प्रवीर बेरा (डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष) द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रभात खबर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में मना हिंदी दिवस

**कल्याणपुर.** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में हिंदी दिवस पर हिंदी भाषा के सम्मान और संवर्धन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन कॉलेज की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित हुआ. साहित्यिक चेतना और सांस्कृतिक ऊर्जा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षुओं के गणेश वंदना से हुआ. दीप जलाकर महाविद्यालय के प्राचार्या डा रोली द्विवेदी ने उद्घाटन किया. संचालन प्रशिक्षु नव्या कुमारी एवं अभिषेक कुमार ने किया. डॉ. एके पांडेय ने स्वागत किया. हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सोच

13/01/2026 दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग में राष्ट्रीय युवा दिवस मना



**कल्याणपुर** | संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी के साथ प्रशिक्षुओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। डॉ. अमित पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

हिंदुस्तान

## संत पॉल कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित



समस्तीपुर । संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती अत्यंत ही श्रद्धा एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी के साथ प्रशिक्षुओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत प्रो मनोज कुमार ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। डॉ. अमित पाण्डेय व डॉ. प्रवीर बेरा ने भी संबोध्धन किया। श्याम किशोर सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. द्विवेदी ने युवाओ को मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

28/01/2026 प्रभात खबर

# इंटर्नशिप शिक्षण कौशल विकसित करने की नींव रखती है : डा. घोष

प्रतिनिधि, समस्तीपुर



समापन सत्र में मौजूद प्राचार्य व अन्य .

शहर के आरएसबी इंटर विद्यालय में मंगलवार को संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर के बीएड सत्र 2025- 2026 के प्रशिक्षु शिक्षकों के 16 सप्ताह के इंटर्नशिप के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया. समापन सत्र को संबोधित करते हुए संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. ललित कुमार घोष ने उन्हें भविष्य के शिक्षक के रूप में अपने आपको पूरे समर्पण के साथ अपने पेशे के प्रति ईमानदार रहने की नसीहत दी. कहा कि आज के दौर में ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है. उन्होंने कहा कि ज्ञान एक ऐसा एक धन है जिसे ना कोई लूट सकता है और ना ही कोई छीन सकता है. उन्होंने प्रशिक्षु शिक्षकों से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने तथा उस ज्ञान का उपयोग हमेशा रचनात्मक कार्य में लगाने की अपील की. बीएड. कार्यक्रम में इंटर्नशिप पेशेवर शिक्षण कौशल विकसित करने की नींव रखती है. यह छात्र-शिक्षकों के लिए शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान और शैक्षिक सिद्धांत की कक्षाओं में सीखे गये ज्ञान को व्यवहार में लाने का पहला अवसर होता है. इस दौरान, छात्र वास्तविक कक्षा परिदृश्यों का अनुभव करते हैं, सीखने की विभिन्न आवश्यकताओं को समझते हैं और प्रत्येक शिक्षार्थी को प्रभावी ढंग से शामिल करने की रणनीतियां विकसित करते हैं. प्राचार्य डा. रौली द्विवेदी ने कहा कि एक प्रभावी शिक्षक बनने के लिए केवल सिद्धांतों और पाठ्यपुस्तकों में महारत हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, यह वास्तविक कक्षा परिवेश को समझने, छात्रों से जुड़ना सीखने और शिक्षण पद्धतियों को व्यवहार में लागू करने के बारे में है. बीएड. पाठ्यक्रमों में इंटर्नशिप यहीं पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इंटर्नशिप सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ती है, जिससे भावी शिक्षक आधुनिक कक्षाओं के लिए तैयार आत्मविश्वासी पेशेवर बन पाते हैं. मौके पर मनोज कुमार, मुकेश कुमार, गोविंद कुमार सिंह, अमित कुमार आदि शिक्षक मौजूद थे.

08/02/2026 हिंदुस्तान



अपने प्रमाणपत्र के साथ विजयी प्रतिभागी एवं मंचस्थ शिक्षक।

## पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई गई

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती मनाई गई। शुभारंभ पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकगण एवं बीएड प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की। मौके पर डॉ.जाकिर हुसैन जी के शैक्षिक योगदान में एक विश्लेषण दृष्टिकोण पर प्रशिक्षुओं के बीच निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रथम पुरस्कार शबनम और केशव राज को, द्वितीय आदिति तथा तृतीय पुरस्कार सीमा को दिया गया।

दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डॉ. ज़ाकिर हुसैन की जयंती मनी



कल्याणपुर | संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में पूर्व संध्या पर भारत के महान शिक्षाविद्, चिंतक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ज़ाकिर हुसैन का जन्म दिवस मनाया गया। इस वर्ष 8 फ़रवरी रविवार होने के कारण इसका आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ज़ाकिर हुसैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। इसके उपरांत प्रशिक्षुओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता-डॉ.ज़ाकि र हुसैन के शैक्षिक योगदान में एक विश्लेषण दृष्टिकोण आयोजित की गई। प्रतियोगिता का अवलोकन एवं मूल्यांकन पाठ्यक्रम-सहगामी एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। इसके आधार पर तीन श्रेष्ठ निबंधों प्रथम पुरस्कार शबनम कुमारी और केशव राज ,द्वितीय आदिति शर्मा व तृतीय पुरस्कार सीमा कुमारी को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दैनिक जागरण



समारोह में मौजूद शिक्षक व छात्र छात्राए • जागरण

## शिक्षा में डा. जाकिर हुसैन के योगदान पर प्रतियोगिता में जीता पुरस्कार

**वि, समस्तीपुर** : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डा. ज़ाकिर हुसैन की जयंती के अवसर पर शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. जाकिर हुसैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर बीएड प्रशिक्षुओं के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें डा. ज़ाकिर हुसैन के शैक्षिक योगदान पर विचार प्रर्स्तुत किए गए। प्रतियोगिता में शबनम कुमारी व केशव राज को प्रथम, आदिति शर्मा को द्वितीय तथा सीमा कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान क्रिया गया।

प्रभात खबर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनी जयंती



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अतिथि .

**कल्याणपुर** . भारत के महान शिक्षाविद्, चिंतक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित की गई. महाविद्यालय स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शुभारंभ डॉ. हुसैन के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ. इसमें महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं बीएड प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की. इसके उपरांत प्रशिक्षुओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें डॉ. हुसैन के शैक्षिक दर्शन, राष्ट्रीय चेतना व शिक्षक की सामाजिक भूमिका जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये गये. प्रतियोगिता का अवलोकन एवं मूल्यांकन पाठ्यक्रम-सहगामी एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया. जिसके आधार पर तीन श्रेष्ठ निबंधों प्रथम पुरस्कार शबनम कुमारी और केशव राज, द्वितीय आदिति शर्मा व तृतीय पुरस्कार सीमा कुमारी का चयन किया गया है. चयनित प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

11/02/2026 दैनिक भास्कर

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बसंत कला महोत्सव संपन्न

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बीरसिंहपुर में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में मंगलवार को बसंत कला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु-शिक्षकों की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा भारतीय ज्ञान परम्परा सहित भारतीय कला एवं अपनी महान संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना था। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. प्रतिभा राय द्वारा प्रस्तुत की गई। महोत्सव के दौरान शिव स्तोत्रम नृत्य, सरस्वती वंदना, समूह गीत, समूह नृत्य, एकल गीत एवं एकल नृत्य जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बसंत ऋतु की छटा को दर्शाते हुए होली मिक्स गीत एवं नृत्य ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। डॉ. अमित कुमार पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।



बसंत कला महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

18/02/2026 दैनिक जागरण

# संत पाल कालेज में साप्ताहिक योग शिविर शुरू



योग करते प्रशिक्षु • जागरण

वि, समस्तीपुर : विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, बिरसिंहपुर में साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ हुआ। 23 फरवरी तक पीपीएन सिंह आडिटोरियम में बीएड प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित शिविर के मुख्य प्रशिक्षक स्वामी प्राणदेव (पतंजलि

हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में योग शिविर लगा



समस्तीपुर। भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल आधार योग विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने तथा विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में मंगलवार को साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ हुआ। योग कल्याण, ज्ञान और विश्व शांति के लिए विषय पर आधारित यह विशेष शिविर 23 फरवरी तक कॉलेज के पीपीएन सिंह ऑडिटोरियम में बीएड प्रशिक्षुओं लिए आयोजित किया गया है। सात दिवसीय आयोजन में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के प्रसिद्ध योग गुरु स्वामी प्राणदेव मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित हैं। प्राचार्या डॉ रॉली द्विवेदी की ने भी संबोधित किया।

दैनिक भास्कर

# संत पॉल कॉलेज में योग शिविर का किया आरंभ



साप्ताहिक योग शिविर में शामिल छात्र- छात्रा व अन्य।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल आधार 'योग विज्ञान' को जन-जन तक पहुंचाने तथा विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में मंगलवार से एक साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ हुआ। "योग-

तक कॉलेज के पी.पी.एन. सिंह ऑडिटोरियम में बीएड. प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस सात दिवसीय आयोजन में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के प्रसिद्ध योग गुरु स्वामी प्राणदेव मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने करते

प्रभात खबर

# संत पॉल कॉलेज में विश्व शांति व कल्याण के लिए साप्ताहिक योग शिविर हुआ शुरू



योग शिविर में शामिल बीएड की छात्र-छात्राएं.

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल आधार योग विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने, विश्व शांति व मानव कल्याण के उद्देश्य से संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, विरसिंहपुर में मंगलवार से साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ हुआ. योग, कल्याण, ज्ञान तथा विश्व शांति के विषय पर आधारित यह विशेष शिविर 17 से 23 फरवरी 2026 तक कॉलेज के पीपीएन सिंह ऑडिटोरियम में बीएड प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया गया है. इस सात दिवसीय आयोजन में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के प्रसिद्ध योग गुरु स्वामी प्राणदेव जी मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे. [illegible]ाटन समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा कि योग केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है. बल्कि यह आत्म-साक्षात्कार, नैतिक जागरण और वैश्विक शांति की स्थापना का सशक्त माध्यम है. उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने जीवन और शिक्षण पद्धति का अभिन्न अंग बनाएं. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में योग का व्यापक महत्व है. यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-दर्शन है. जो व्यक्ति, समाज और विश्व के बीच सामंजस्य स्थापित करता है. उन्होंने बताया कि शिक्षक-प्रशिक्षुओं के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं, क्योंकि भावी शिक्षक ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनते हैं.महाविद्यालय के शिविर के दौरान बीएड प्रशिक्षुओं को महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों पर आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण से प्रसन्नता जाहिर की. प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्र में विभिन्न आसन, प्राणायाम अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ध्यान एवं योग निद्रा का अभ्यास कराने की बात कही है. साथ ही कल्याण, ज्ञान और विश्व शांति जैसे विषयों पर विशेष व्याख्यान भी आयोजित किए जा रहे हैं. ताकि प्रशिक्षु योग की गहनता को समझ सकें और अपने भीतर अनुशासन, धैर्य एवं सकारात्मकता जैसे गुण विकसित कर सकें. कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता देखी जा रही है. योगाभ्यास के माध्यम से वे न केवल शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त कर रहे हैं. मानसिक एकाग्रता और आत्मिक शांति का भी अनुभव कर रहे हैं. यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान की दिशा में एक सार्थक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है. जो शिक्षा के माध्यम से विश्व शांति और मानव कल्याण का संदेश प्रसारित करता है.

01/03/2026 दैनिक भास्कर

# संत पॉल कॉलेज में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

## कार्यक्रम में छात्रो का उत्साह बढ़ाया



मौके पर मौजूद छात्र-छात्रा व अन्य।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु-शिक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं शोध भावना को प्रोत्साहित करना था। मुख्य अतिथि के रूप में आर.एन.ए.आर. कॉलेज, समस्तीपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. भोला चौरसिया उपस्थित थे। उन्होंने विज्ञान समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। युवाओं को तर्कशीलता, जिज्ञासा और प्रयोगधर्मिता अपनानी चाहिए। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं शालिनी प्रिया, आशीष कुमार, बाबुल कुमार आदि थे।

दैनिक जागरण

# विज्ञान जीवन के हर क्षेत्र में होता है उपयोगी



साइंस एग्जिविशन में शामिल प्रशिक्षु • जागरण

**वि, समस्तीपुर** : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में साइंस एग्जिविशन का आयोजन किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि आरएनएआर कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. भोला चौरसिया ने कहा कि विज्ञान समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं ने पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, जल संरक्षण और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से जुड़े

हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी



समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आरएनएआर कॉलेज, समस्तीपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. भोला चौरसिया उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में व्याप्त है। एक शिक्षक के रूप में प्रशिक्षुओं का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों में प्रश्न पूछने की प्रवृति, तार्किक चिंतन और नवाचार की भावना विकसित करें।

01/03/2026 दैनिक जागरण

# विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित



सेमिनार में मौजूद अतिथि • जागरण

वि. समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में शुक्रवार से विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली: प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनर्संरचना" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार हुआ। संचालन सहायक प्राध्यापक डा. अमित पाण्डेय एवं एलुमनाई रजनीशा कुमारी ने किया। मुख्य वक्ता डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने कीनोट संबोधन दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. आर.बी. आजाद चौधरी ने प्लेनरी व्याख्यान प्रस्तुत किया। आईक्यूएसी समन्वयक अर्पणा कुमारी ने स्वागत भाषण दिया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने शिक्षक शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली की भूमिका पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार ने किया। प्रतिभागियों की व्यवस्था में एस.पी. चौधरी, नितीश कुमार सिंह और चंदन कुमार ने सहयोग किया।

दैनिक भास्कर

आयोजन • विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली : प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनर्संरचना पर संगोष्ठी

# भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से तैयार होगा विकसित भारत का रोडमैप : प्रो. अजय शुक्ल

भास्कर न्यूज | समस्तीपुर

भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा है। यदि भारत को वर्ष 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होना है, तो उसे अपनी ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और भारतीय चिंतन को पुनः शिक्षा और शोध के केंद्र में स्थापित करना होगा। उक्त विचार प्रो. अजय शुक्ल, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने व्यक्त किए। वे संत पॉल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, [illegible] में आयोजित



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि।

प्रणाली : प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनर्संरचना" में मुख्य वक्ता के रूप में उद्घाटन सत्र में बीज वक्तव्य के द्वारा अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। अपने मुख्य व्याख्यान में प्रो. शुक्ल ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली हजारों वर्षों में विकसित एक समृद्ध बौद्धिक परंपरा है,

और साहित्य जैसी विविध विधाएं सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन का मूल भाव सार्वभौमिकता और उदारता में निहित है, जिसका सुंदर उदाहरण ऋग्वेद का मंत्र "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" है, जिसका अर्थ है कि संसार के सभी ओर से

## डिजिटल युग में भारतीय ज्ञान प्रणाली को नई पीढ़ी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक

उन्होंने उल्लेख किया कि भारत ने विश्व को अनेक अमूल्य ज्ञान-उपहार दिए हैं, जिनमें शून्य और दशमलव प्रणाली, योग और ध्यान, आयुर्वेदिक चिकित्सा तथा प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की अवधारणा विशेष रूप से उल्लेखनीय है। आज संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना भारत की इसी ज्ञान परंपरा की वैश्विक स्वीकृति का प्रमाण है। प्रो. शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व सतत विकास के लक्ष्यों की चर्चा कर रहा है, तब भारतीय परंपरा का "वसुधैव कुटुम्बकम्" का विचार संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की प्रेरणा देता है। इसी प्रकार अथर्ववेद का प्रसिद्ध वाक्य "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" हमें प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज के

हिन्दुस्तान

मुजफ्फरपुर
शनिवार
14 मार्च 2026

04

शहर 30s



सेमिनार में मंचस्थ सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या एवं गणमान्य अतिथि।

## राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिहपुर में विजन2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली– प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुर्नसंरचना विषय पर शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। इस सेमिनार का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर लगभग सोलह सब थीम के माध्यम से शैक्षणिक चर्चा करना तथा नई शिक्षा नीति के संदर्भ में इसकी उपयोगिता को रेखांकित करना है।

15/03/2026 दैनिक जागरण

## भारतीय ज्ञान प्रणाली पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन


संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता • जागरण

वि, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली : प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनर्संरचना का शनिवार को समापन हुआ। बीएड की छात्रा प्रिया कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रो. अरविंद कुमार झा, डा. निरंजन मिश्रा एवं प्रो. विनय कुमार चौधरी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वागत गीत डीएलएड के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया तथा स्वागत भाषण डा. अमित पांडेय ने दिया। तकनीकी सत्र में प्रो. अरविंद कुमार झा व डा. निरंजन मिश्रा ने भारतीय शिक्षा और संस्कृति पर विचार रखे। समापन सत्र में प्रो. विनय कुमार चौधरी ने अध्यक्षीय संबोधन दिया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन

दैनिक भास्कर

# दो दिवसीय संगोष्ठी का हुआ समापन



**कल्याणपुर** | संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनरसंरचना का समापन शनिवार को हुआ। समापन सत्र में शिक्षा जगत के कई विद्वानों, प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षु छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। मंचासीन अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में प्रो. विनय कुमार चौधरी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है और बिहार विशेषतः मिथिला परम्परा को विस्तारित करते हुए एनइपी में इसके जुड़ाव की बात कही। तकनीकी सत्र में प्रो. अरविंद कुमार झा ने भारतीय शिक्षा की परंपरा, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



राष्ट्रीय संगोष्ठी में मंचस्थ विधायक, सचिव, प्राचार्या एवं अतिथिगण।

**समस्तीपुर** । संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में आयोजित विजन 2047 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली-प्रासंगिकता, पुनरुत्थान एवं पुनरसंरचना विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। एलएनएमयू शिक्षा शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं विधायक ... सत्र में प्रो. अरविंद कुमार झा, डॉ. निरंजन मिश्रा ने अपने व्याख्यान में भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा के समन्वय पर विशेष बल दिया। सचिव अविनाश कुमार ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी में डॉ अमित पांडेय, नरेंद्र कुमार, रोहित कुमार

25/03/2026 दैनिक भास्कर

# कार्यक्रम : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डीएलएड सत्र का सत्रारंभ



**कल्याणपुर**| संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में डीएलएड सत्र 2025-27 के नव नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए 24 एवं 25 मार्च 2026 को दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "अब समय है अपने कॉलेज को जानने" थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, नियमों, अनुशासन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देना था। इस दौरान महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य डॉ. रोली द्विवेदी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रबीर बेरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वागत भाषण में डॉ. प्रबीर बेरा ने कहा कि शिक्षक शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक दायित्वों को समझने की प्रक्रिया है। सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि एक आदर्श शिक्षक ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है और एक अच्छा शिक्षक लगातार जीवनपर्यंत सीखता है। इस क्रम में नितीश कुमार सिंह, डॉ. अमित कुमार पाण्डेय, तहसीन आलम कादरी, रौशन के. गुंजन सहित अन्य प्राध्यापकों ने अपने विचार रखे।

हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डीएलएड का हुआ सत्रारम्भ



मंगलवार को सत्रारंभ पर मंचस्थ सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्य एवं प्राध्यापक।

**समस्तीपुर**। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में डीएलएड सत्र 2025-27 के नव नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। वहीं सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रबीर बेरा ने दीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत भाषण में डॉ. प्रबीर बेरा ने किया। वहीं सचिव अविनाश कुमार ने भी संबोधन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या डॉ रॉली द्विवेदी ने किया व नितीश कुमार सिंह, अपर्णा कुमारी, डॉ. अमित पाण्डेय, तहसीन आलम कादरी, रौशन के. गुंजन आदि ने भी अपने विचार रखे।

07/04/2026 दैनिक भास्कर

# पढ़ें बेटियां, बढ़ें बेटियां... के मूल मंत्र को लेकर ओरिएंटेशन संपन्न



डीएलएड सत्र की ओरिएंटेशन में मौजूद छात्राएं।

भास्कर न्यूज | कल्याणपुर

सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को डीएलएड सत्र 2025-27 की छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा से अवगत कराना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. रोली द्विवेदी ने बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। स्वागत भाषण किरण कुमारी ने दिया। कार्यक्रम के दौरान रोहित कुमार द्वारा गीत प्रस्तुति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रतिभा राय द्वारा किया गया।

07.04.2026

प्रभात खबर

# शैक्षणिक रूपरेखा से अवगत हुए नये प्रशिक्षु



कार्यक्रम में अतिथि व प्रतिभागी .

**कल्याणपुर** . सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में सोमवार को डीएलएड सत्र 2025-27 की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ. इसका उद्देश्य नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं को कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा से अवगत कराना था. प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा के महत्व को बताया. स्वागत किरण कुमारी ने किया. उन्होंने छात्राओं को शिक्षक प्रशिक्षण की महत्ता एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया. इसके पश्चात

07/04/2026 दैनिक जागरण

## छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करती प्राचार्या • जागरण

**वि, समस्तीपुर :** सेंट पाल टीचर्स' ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में डी.एल.एड. सत्र 2025–27 की छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं को शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। डी.एल.एड. 2024–26 की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण किरण कुमारी ने दिया, जबकि अपर्णा कुमारी ने समिति के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में रोहित कुमार की गीत प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। अंत में डा. प्रतिभा राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिन्दुस्तान



सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दीप प्रज्वलन के मौके पर प्राचार्या व शिक्षिकाएं।

## कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर।** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में सोमवार को डीएलएड सत्र 2025–27 की छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की रूपरेखा से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी एवं अन्य शिक्षिकाओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

08/04/2026 हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ व्याख्यान



समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में मंगलवार को गाइडेंस और काउंसलिंग कमिटी के तत्वावधान में परीक्षा स्ट्रेस एंड स्टूडेंट्स ऐकडेमिक परफॉर्मेंस : स्ट्रेस रिडक्शन टेक्निक्स- विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि सहित प्राचार्या एवं मंचासीन विद्वानों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में बीआरबी कॉलेज समस्तीपुर के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार मिश्रा ने संबोधित किया। स्वेता त्रिवेदी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ रॉली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

दैनिक जागरण

# तनाव कम करने के उपायों पर प्रकाश डाला



कालेज मे आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और बच्चे • जागरण

वि्र, समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में सोमवार को गाइडेंस एंड काउंसलिंग कमिटी के तत्वावधान में परीक्षा स्ट्रेस एंड स्टूडेंट्स ऐकडेमिक परफार्मेंस स्ट्रेस रिडक्शन टेक्निक्स विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को परीक्षा तनाव से निपटने के उपायों की जानकारी देना था। समन्वयक एस.एम. तहसीन आलम ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। मुख्य वक्ता डा सुनील कुमार मिश्रा ने परीक्षा तनाव के कारणों और उसके समाधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, योग, ध्यान और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर तनाव को कम किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. अमित पाण्डेय की पुस्तक शिक्षा का अधिकार अधिनियम का भी विमोचन किया गया। अंत में प्राचार्या डा रोली द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

23/04/2026 हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पौधरोपण



पौधरोपण करती प्राचार्या एवं अन्य शिक्षकगण।

**समस्तीपुर।** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा हमारी ऊर्जा, हमारा ग्रह के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। संचालन डॉ. श्वेता द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी एवं सभी शिक्षकों के नेतृत्व में पौधरोपण से हुई। परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। एसएम तहसीन कादरी ने 'हमारा ग्रह, हमारा शक्ति' पर विचार रखा।

दैनिक भास्कर

दैनिक जागरण

संत



# विश्व पृथ्वी दिवस पर संत पॉल कॉलेज में पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम



भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल डॉ. रोली द्विवेदी एवं सभी शिक्षकों के नेतृत्व में पौधरोपण से हुई। इस दौरान परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। उद्घाटन भाषण में मनोज कुमार ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

22/05/2026 दैनिक भास्कर

## संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पत्रिका का हुआ विमोचन



भास्कर न्यूज़ | कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के सातवें संस्करण का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य एवं अकादमिक जगत से जुड़े कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना

प्रभात खबर

## वार्षिक पत्रिका के सातवें संस्करण का विमोचन समारोह

# शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करती है रचनात्मक प्रतिभा

प्रतिनिधि, कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के सातवें संस्करण का विमोचन समारोह हुआ. इसमें शिक्षा, साहित्य एवं अकादमिक जगत से जुड़े कई विशिष्ट अतिथियों ने पहुंच कर विचार रखे. समारोह का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना व शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ...



पत्रिका का विमोचन करते अतिथि.

... विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि प्रशिक्षुओं में लेखन, चिंतन और सामाजिक चेतना का भी विकास आवश्यक है. विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ संजीव कुमार पांडेय ने अपने ... एवं शोध गतिविधियों से जुड़ने से नवाचार में उत्तरोत्तर विकास होता है. एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, मुजफ्फरपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार ने कहा कि पत्रिका किसी शैक्षणिक संस्थान की बौद्धिक पहचान होती है. इससे ... निदेशक आलोक कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षुओं को नवाचार एवं सामाजिक दायित्व के प्रति सजग रहने का संदेश दिया. इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड संकाय के प्राध्यापक मनोज कुमार, डॉ. मो. निजामुद्दीन, सैयद मो. तहसीन आलम कादरी एवं डॉ. पवन कुमार ने पत्रिका प्रकाशन में योगदान देने वाले प्रशिक्षुओं एवं संपादकीय टीम की सराहना की. प्राचार्या डॉ. द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रशिक्षु एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित ...

दैनिक जागरण

# बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाती हैं पत्रिकाएं



पत्रिका का विमोचन करते कालेज के प्राचार्या व अन्य • जागरण

वि: समस्तीपुर : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज बिरसिंहपुर में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के सातवें संस्करण का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की रचनात्मक एवं शैक्षणिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर की। मुख्य अतिथि डा. शशि भूषण राय (शिक्षा विभाग डीन, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा) ने पत्रिका का

हिंदुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण



पत्रि[illegible]का लोकार्पण करते सचिव, प्राचार्या एवं अतिथिगण।

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर में गुरुवार को महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के सातवें संस्करण का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एलएमएनयू के शिक्षा विभाग के डीन डॉ. शशि भूषण राय ने पत्रिका का विमोचन करते हुए कहा कि ऐसी पत्रिकाए प्रशिक्षुओं के बौद्धिक एवं सृजनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. संजीव कुमार पांडेय, एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय की यह पत्रिका छात्रों की प्रतिभा और अकादमिक गुणवत्ता का प्रतीक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को निरंतर अध्ययन एवं शोध गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने कहा कि पत्रिका का यह सातवां संस्करण विद्यार्थियों की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अभिव्यक्तियों का सशक्त दस्तावेज है।

02/07/2026 हि

# स्वायत्तता के बाद संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुई परीक्षा



St. Paul Teachers Training College Birsinghpur

दैनिक जागरण



# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में पहली बार बीएड परीक्षा शुरू

दैनिक भास्कर



# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा

भास्कर न्यूज़| कल्याणपुर

संत पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज, बिरसिंहपुर के लिए यह गर्व का विषय है कि स्वायत्त (ऑटोनोमस) संस्थान का दर्जा प्राप्त होने के उपरांत महाविद्यालय में पहली बार बीएड. सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष (2026) की वार्षिक परीक्षा का आयोजन 30 जून 2026 से 10 जुलाई 2026 तक महाविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्राचार्य डॉ. सेली द्विवेदी ने बताया कि स्वायत्त महाविद्यालय बनने के बाद आयोजित हो रही यह पहली

11/07/2026 प्रभात खबर

# संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज को बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रम की मिली स्वीकृति

**नयी आशा**

- महाविद्यालय में इसी सत्र से शुरू होगा नामांकन

**प्रतिनिधि, समस्तीपुर**

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए संत पॉल टीचर्स' ट्रेनिंग कॉलेज बीरसिंहपुर को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) एवं बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रमों के संचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. इन दोनों पाठ्यक्रमों में नामांकन शैक्षणिक सत्र 2026–27 से प्रारंभ किया जाएगा. इससे समस्तीपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति विद्यार्थियों के लिए एक नई आशा और सुनहरा अवसर लेकर आयी है. अब विद्यार्थियों को बीबीए एवं बीसीए जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र में ही आधुनिक सुविधाओं, अनुभवी शिक्षकों एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का लाभ मिलेगा. सचिव ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है. शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी शक्ति है. बीबीए और बीसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम युवाओं को प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं रोजगार के नए अवसरों से जोड़ेंगे. हमें विश्वास है कि इस पहल से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा.

उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होते ही इच्छुक विद्यार्थी समय पर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठायें. महाविद्यालय परिवार ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति संस्थान के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. इससे न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तार होगा, बल्कि समस्तीपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का लाभ भी मिलेगा. यह कदम क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा.

दैनिक भास्कर

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बीबीए-बीसीए की स्वीकृति

## मिथिला विवि दरभंगा से स्वीकृति प्राप्त की

**भास्कर न्यूज | कल्याणपुर**

कहा कि यह स्वीकृति विद्यार्थियों के लिए एक नई आशा और सुनहरा

हिन्दुस्तान

# संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में होगी बीबीए व बीसीए की पढ़ाई

समस्तीपुर। संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वीरसिंहपुर (स्वायत्ता
प्राप्त) को ललित नारायण मिथिला विवि, दरभंगा द्वारा बैचलर ऑफ